श्रावण मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 213, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 2 सितंबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## 'एक देश, एक चुनाव'' पर समिति गठित

### समिति इस संबंध में विधेयक लाने पर अपनी सिफारिश देगी, समिति अपनी सिफारिश सौंपेगी, इसे जनता के विचार के लिए रखा जाएगा

**नई दिल्ली: केंद्र** सरकार ने ''एक देश, एक चुनाव'' के विचार को अमली जामा पहनाने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से उनके आवास पर मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक ''एक देश, एक चुनाव'' के मुद्दे पर बनाई गई यह समिति इस संबंध में विधेयक लाने पर अपनी सिफारिश देगी। इससे पहले संसद की स्थाई समिति, लॉ कमीशन और नीति आयोग इस पर विचार कर अपनी रिपोर्ट दे चुके हैं। संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अभी केवल एक समिति का गठन किया गया है। अभी से इसको लेकर घबराहट क्यों है। उन्होंने कहा कि समिति अपनी सिफारिश सौंपेगी। इसे जनता के विचार के लिए रखा जाएगा। संभव होगा तो इस संबंध में संसद विचार करेगी। देश में 1967 तक विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ होते रहे हैं। इससे संसाधनों की भी बचत होती है और सरकारों को भी ठीक से कम करने का अवसर मिलता है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का एक विशेष सत्र बुलाया है। इसका एजेंडा अभी तक सरकार की ओर से स्पष्ट नहीं किया गया है। विशेष सत्र के एजेंडे के बारे में पूछने पर पत्रकारों से बातचीत में प्रहलाद जोशी ने कहा कि अगले तीन या चार दिनों में इसको लेकर स्थिति स्पष्ट कर दी जाएगी। अभी इस पर काम चल रहा है।

क्या है वन नेशन-वन इलेक्शन

वन नेशन-वन इलेक्शन या एक देश-एक चुनाव का मतलब हुआ कि पूरे देश में एक साथ ही लोकसभा और विधानसभा के चुनाव हों। आजादी के बाद 1952, 1957, 1962 और 1967 में लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक साथ ही होते थे, लेकिन 1968 और 1969 में कई विधानसभाएं समय से पहले ही भंग कर दी गईं। उसके बाद 1970 में लोकसभा भी भंग कर दी गई। इस वजह से एक देश-एक चुनाव की परंपरा टूट गई।



### एक राष्ट्र, एक चुनाव' प्रस्ताव का भाजपा ने किया स्वागत

**नई दिल्ली: एक** राष्ट्र, एक चुनाव पर देश में गहमागहमी बढ़ गई है। केन्द्र सरकार ने इस पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में कमेटी का गठन भी कर दिया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस प्रस्ताव का स्वागत किया है। इसको लेकर शुक्रवार को भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के साथ मुलाकात की। इस बीच राज्यसभा सांसद और भाजपा नेता सुशील मोदी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव होंगे तो देश की विकास की गति बढ़ेगी।

### महाराष्ट्र के सीएम-डिप्टी सीएम ने किया फैसले का स्वागत

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी एक देश-एक चुनाव का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, 'मैं एक देश-एक चुनाव का स्वागत करता हूं। इससे चुनाव में खर्च होने वाला पैसा बचेगा, जिसका उपयोग कल्याणकारी योजनाओं के लिए कर सकते हैं। जनता ने 2024 के लिए पीएम मोदी को चुन लिया है।' मुख्यमंत्री की तरह महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने भी एक देश-एक चुनाव का स्वागत करते हुए इसे एक सही प्रस्ताव बताया है।

उन्होंने कहा, 'देश में लगातार चुनाव होते हैं, जिसमें देश का आधा पैसा चला जाता है। कहीं-कहीं चुनाव की आचार संहिता लगती है तो उसके कारण भी काम में देरी हो जाती है। संसाधन खर्च होते हैं। ऐसे में एक देश एक चुनाव के कारण पैसा भी बर्बाद नहीं होगा और काम भी सुचारू रूप से होगा।' महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) ने भी एक देश-एक चुनाव कमेटी का समर्थन किया है।

## सोलर मिशन आदित्य एल-1 के लिए काउंटडाउन शुरू

### इसरो के वैज्ञानिकों ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर में की पूजा-अर्चना

**नई दिल्ली: देश** का पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 के लिए काउंटडाउन शुरू हो चुका है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को बताया कि भारत का पहला सौर मिशन आदित्य एल-1 शनिवार यानी 2 सितंबर को सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर से लॉन्च किया जाएगा। साथ ही इसरो ने उन प्लेटफॉर्म्स की भी जानकारी साझा की है, जहां शनिवार की सुबह 11:20 बजे से आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग को लाइव देखा जा सकता है। आदित्य एल-1 की लॉन्चिंग से पहले इसरो के वैज्ञानिकों की एक टीम शुक्रवार को आदित्य-एल-1 मिशन के मॉडल के साथ तिरुमाला श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंची और मिशन की सफलता के लिए प्रार्थना की।




### मैरी कॉम ने अमित शाह को लिखा पत्र

**इंफाल: मणिपुर में** जातीय संघर्ष की स्थिति को लेकर बॉक्सिंग स्टार एमसी मैरी कॉम ने चिंता जताते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। मैरी कॉम ने अमित शाह से हस्तक्षेप की मांग की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सुरक्षा बल दोनों संघर्षरत समूहों को मणिपुर के कॉम गांवों में घुसपैठ से रोकें। गुरुवार को शाह को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि कॉम समुदाय मणिपुर की एक स्वदेशी जनजाति है और अल्पसंख्यकों में सबसे छोटी जनजाति में से एक है। उन्होंने पत्र में कहा, हम सभी दोनों प्रतिद्वंद्वी समुदायों के बीच बिखरे हुए हैं... दोनों तरफ से मेरे समुदाय के खिलाफ हमेशा अटकलें और संदेह होते हैं।

### 122 साल में सबसे कम अगस्त माह में हुई बारिश, अलनीनो बना कारण

**कानपुर। जून** माह से शुरू हुई मानसून की बारिश जुलाई माह तक अच्छी रही। यहां तक कि जुलाई माह में औसत से 47.3 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी थी। इसके बाद समुद्री गतिविधियां अलनीनो का प्रभाव पड़ गया और अगस्त माह में पिछले 122 साल में सबसे कम बारिश हुई। इससे उत्तर प्रदेश के दर्जनों जनपदों में सूखा जैसे हालात हो गए हैं और फसलें प्रभावित हो रही हैं। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि ओपनिंग के साथ एंट्री करने वाला मानसून बीते एक महीने से बिल्कुल कमजोर रहा है। अगस्त में कम बारिश होने से प्रदेश के कई जिलों में सूखे का संकट छाने लगा है। प्रदेश में 31 जुलाई तक 398.93 मिमी यानि औसत 47.3 फीसदी ज्यादा बारिश हो चुकी थी। इसके बाद अलनीनो का प्रभाव देखने को मिला और इस बार अगस्त महीने में 122 साल के इतिहास में सबसे सूखा महीना दर्ज किया गया है।

## 'मेरा बिल मेरा अधिकार' जीएसटी लकी ड्रॉ योजना लॉन्च



**नई दिल्ली: केंद्र** सरकार ने उपभोक्ताओं में हर खरीददारी पर जीएसटी बिल लेने की आदत विकसित करने के लिए एक सितंबर से छह राज्यों में 'मेरा बिल मेरा अधिकार' योजना को आज गुरुग्राम में लॉन्च कर दिया। इस योजना के तहत 200 रुपये के जीएसटी बिल से आप हर महीने 10 लाख रुपये तक का इनाम जीत सकते हैं। हर तीन महीने पर बंपर लकी ड्रॉ में एक करोड़ रुपये का इनाम जीतने का मौका मिलेगा। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को इसकी लॉन्चिंग पर कहा कि मेरा बिल, मेरा अधिकार जीएसटी लकी ड्रॉ योजना को छह राज्यों में पायलट आधार पर शुरू किया जा रहा है। इस योजना के पुरस्कार राशि में केंद्र तथा राज्य समान रूप से योगदान करेंगे। ये योजना छह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों असम, गुजरात, हरियाणा और पुडुचेरी, दमन एवं दीव और दादरा एवं नगर हवेली में लागू हो गया है, जो अगले 12 महीनों तक चलेगा। सरकार इस योजना में लकी-ड्रॉ के जरिए हर महीने 800 लोगों का चयन करेगी। चुने गए सभी लोगों को 10 हजार रुपये का इनाम मिलेगा। इनमें से 10 ऐसे लोगों को चुना जाएगा, जिन्हें 10-10 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा हर तीन महीने पर बंपर-ड्रॉ भी निकलेगा, जिसमें दो लोगों को एक-एक करोड़ रुपये का पुरस्कार मिलेगा। हालांकि, 3 महीने वाली स्कीम केवल व्यापारियों के लिए है। इस योजना में भाग लेने के लिए आपको 'मेरा बिल मेरा अधिकार' मोबाइल ऐप इन्स्टॉल करना होगा। इसमें लॉगिन करने के बाद पिछले एक महीने की खरीदारी पर मिले 200 रुपये से ज्यादा मूल्य के जीएसटी बिल की कॉपी पर अपलोड करके इसमें आप भाग ले सकते हैं।

### भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.7 फीसदी रहने का अनुमान: मूडीज

**नई दिल्ली: ग्लोबल** रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस ने भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ के अनुमान में 1.2 फीसदी का इजाफा किया है। मूडीज ने मजबूत आर्थिक गति के चलते कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान 5.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.7 फीसदी किया है। मूडीज ने शुक्रवार को जारी अपने ग्लोबल मैक्रो आउटलुक में कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए भारत की

आर्थिक वृद्धि दर के अपने अनुमान को 5.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.7 फीसदी कर दिया है।

## जी-20 : चीन-पाक सीमा पर गरजेंगे वायु सेना के लड़ाकू विमान

### वायु सेना दोनों सीमाओं पर एक साथ 'त्रिशूल' नाम से प्रशिक्षण अभ्यास करेगी

**नई दिल्ली: जी-20 शिखर** सम्मेलन के लिए राजधानी दिल्ली में दुनिया के ताकतवर राष्ट्राध्यक्षों की मौजूदगी के बीच चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान गरजेंगे। भारतीय वायु सेना दोनों सीमाओं पर एक साथ 'त्रिशूल' नाम से प्रशिक्षण अभ्यास करेगी। 4 से 14 सितंबर तक यह अभ्यास लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और पंजाब सहित उत्तरी क्षेत्र में होगा। भारतीय वायु सेना ने 9 और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए अपने हथियारों और उपकरणों को हाई अलर्ट पर रखा है। वायु सेना इस समय राजधानी दिल्ली में शिखर सम्मेलन के दौरान हवाई सुरक्षा के मद्देनजर अभ्यास कर रही है। खासकर विदेशी मेहमानों को ठहराए जाने वाले होटलों और कार्यक्रम स्थल प्रगति मैदान के आसपास मॉक ड्रिल की जा रही है। जनपथ रोड स्थित होटल ली-मेरिडियन की छत पर वायु सेना ने अपने एमआई-17 हेलीकॉप्टर को उतारने का अभ्यास किया है, ताकि जरूरत पड़ने पर किसी भी ऑपरेशन को अंजाम दिया जा सके। शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए दुनिया के 20 ताकतवर देशों के राष्ट्राध्यक्षों के अलावा तमाम वैश्विक नेता दिल्ली आ रहे हैं।भारतीय वायु सेना ने भी किसी भी संभावित हवाई खतरे से निपटने के लिए आकाश डिफेंस मिसाइल समेत अपनी सतह से हवा में मार करने वाली डिफेंस प्रणालियों को सक्रिय एक्टिव करना शुरू कर दिया है। सुरक्षा एजेंसियों ने अपने काउंटर-ड्रोन सिस्टम को भी सक्रिय कर दिया है, जहां वे किसी भी छोटे ड्रोन को जाम कर सकते हैं या जरूरत पड़ने पर उन्हें मार गिरा सकते हैं। वायु सेना ने अपने लड़ाकू विमानों को भी 'फ्लाइंग मोड' में रखने के निर्देश जारी किया है। जी-20 शिखर सम्मेलन के बीच वायु सेना ने चीन और पाकिस्तान सीमाओं के साथ उत्तरी क्षेत्र में 'त्रिशूल' नाम से प्रशिक्षण अभ्यास करने की योजना बनाई है। इसमें राफेल, मिराज-2000 और सुखोई-30 सहित लड़ाकू विमानों के सभी प्रमुख बेड़े हिस्सा लेंगे।




## अवैध शादी में जन्मी संतान वैध: सुप्रीम कोर्ट

### माता-पिता की संपत्ति पर कर सकते हैं दावा

**नई दिल्ली: सुप्रीम** कोर्ट ने एक अहम फैसले में शुक्रवार को कहा कि शून्य या शून्यकरणीय विवाह से पैदा हुए बच्चे वैध हैं और वह हिंदू विवाह अधिनियम के तहत अपने माता-पिता की संपत्ति पर दावा कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला साल 2011 में दायर की गई याचिका पर आया है। इस याचिका में पूछा गया था कि क्या बिना शादी के पैदा हुए बच्चों के पैतृक संपत्ति में हिस्सेदारी के हकदार हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने दिया अहम फैसला: इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि एक विवाह जो अमान्य है, उससे पैदा हुए बच्चे को वैधानिक रूप से वैधता प्रदान की जाती है।



### बीजेपी में रार? मोदी-गडकरी में आर-पार सरकार?

**नई दिल्ली: बीजेपी** में सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। अगर इस बात पर यकीन करें तो केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की पीएम नरेंद्र मोदी से पटरी नहीं बैठ रही है। हालांकि उन्होंने एक निजी मंच से यह तक कह डाला कि मन करता है कि वह कब राजनीति को छोड दें? अजीब सी छटपटाहट है। राजनीति का इस्तेमाल सिर्फ सत्ता पाने के लिए करना ,अपने में बहुत कुछ सवाल खडा करता है। ऐसे हताश शब्दों का प्रयोग गडकरी के लिए कहीं ना कहीं टीस दशार्ता है।

रिमोट से बटन दबाते ही डेक से खिसककर समुद्र के पानी में उतर गया जहाज, भारत में पर्वत श्रृंखलाओं के नाम पर सभी सात जहाजों का हुआ है नामकरण

## अरब सागर में उतारा गया युद्धपोत 'महेंद्रगिरी'

**नई दिल्ली: भारतीय** नौसेना के लिए बनाया गया प्रोजेक्ट 17ए फ्रिगेट्स का आखिरी और सातवां युद्धपोत महेंद्रगिरी शुक्रवार को रिमोट से बटन दबाकर अरब सागर में उतार दिया गया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ ने मुंबई में जहाज को लांच किया। इस प्रोजेक्ट के जहाजों को भारतीय नौसेना के युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो ने इन-हाउस डिजाइन किया है। जहाज का नाम ओडिशा स्थित पूर्वी घाट के एक पर्वत शिखर के नाम पर रखा गया है, जिस पर ब्रह्मोस मिसाइल की भी तैनाती हो सकती है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। लॉन्च समारोह में मुंबई के राज्यपाल, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, नौसेना प्रमुख, राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री, रक्षा मंत्रालय और भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर प्रकाश डाला कि महेंद्रगिरी की लांचिंग भारत के समुद्री इतिहास में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। उन्होंने युद्धपोत उत्पादन और देश की रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) के प्रयासों को सराहा। उन्होंने कहा कि शिपयार्ड ने भारतीय नौसेना को हिंद महासागर क्षेत्र में एक दुर्जेय शक्ति के रूप में उभरने में महत्वपूर्ण रूप से सक्षम बनाया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि महेंद्रगिरी शक्तिशाली अरब सागर के पानी को छूने के बाद उन्हीं पहाड़ों से शक्ति प्राप्त करेगा, जिनके नाम पर इसका नाम रखा गया है।



### अन्नदाता किसानों की जरूरतों को देखते हुए सभी को बैंकिंग सुविधाएं मिलनी चाहिए: सीएम

## 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन कोऑपरेटिव बैंक को मिले बल'

**लखनऊ: प्रदेश** के विकास और अन्नदाता किसानों की जरूरतों को देखते हुए सभी को बैंकिंग सुविधाएं मिलनी चाहिए। हमने सहकारिता विभाग से कहा है कि जिन स्थानों पर बैंक शाखा की आवश्यकता हो, वहां मैपिंग की जाए। उत्तर प्रदेश में एमएसएमई का सबसे बड़ा बेस है, इसके लिए सहकारी बैंकों की बहुत बड़ी भूमिका हो सकती है। हमें प्रयास करना चाहिए कि वहां पर सहकारिता बैंक की एक शाखा खोलने के साथ ही बीसी सखी के कार्यक्रम को जोड़ने का कार्य करें। पहले चरण में बैंक खोलें, दूसरे चरण में इन बैंकों को प्रॉफिटेबल बनाएं और फिर तीसरे चरण में हम वन डिस्ट्रिक्ट, वन कोऑपरेटिव बैंक की परिकल्पना की दिशा में आगे बढ़ें। राज्य सरकार इसमें पूरा सहयोग करेगी। यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास में बी पैक्स सदस्यता महाभियान एवं टोल फ्री नंबर शुभारंभ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश एक अच्छे निवेश गंतव्य के रूप में आगे बढ़ रहा है। हमारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट कार्यक्रम देश भर में छा गया है। आज आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कहते हैं कि हमें लोकल फॉर ग्लोबल के बारे में विचार करना होगा। इसमें एमएसएमई विभाग अपने लोकल प्रोडक्ट के लिए उनकी पैकेजिंग, डिजाइनिंग, मार्केटिंग के लिए एक बड़े अभियान को आगे बढ़ा रहा है। एक नई होड़ लगी है कि हम भी लोकल प्रोडक्ट को बढ़ाने में योगदान दें।



## उत्तराखंड: कैबिनेट बैठक में 20 प्रस्तावों पर लगी मुहर

### राज्य आंदोलनकारी क्षैतिज आरक्षण बिल को मिली मंजूरी

**देहरादून: उत्तराखंड** कैबिनेट बैठक में 20 प्रस्तावों पर मुहर लगी। इसके साथ ही राज्य आंदोलनकारी क्षैतिज आरक्षण बिल को भी मंजूरी मिल गई। विधानसभा सत्र में विधेयक आएगा, जोकि 2004 से लागू होगा। वहीं अप्रचलित विधेयकों को निरस्त करने के लिए विस में निरसन विधेयक लाया जाएगा। इसे भी कैबिनेट ने मंजूरी दे है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में 20 प्रस्ताव पास हुए। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण के बिल को मंजूरी मिल गई है। विधेयक विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान सदन में पेश होगा। उत्तराखंड राज्य निर्माण आंदोलनकारी सम्मान परिषद के पूर्व अध्यक्ष भाजपा नेता रवींद्र जुगरान का कहना है ।



# सत्यम सेन हत्याकांड के पांचवें दिन विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने किया चक्का जाम

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** बाजार के तुर्क पुरवा में हुए सत्यम सेन हत्याकांड मामले में आरोपी ग्राम प्रधान मोहम्मद यूसुफ के घर पर बुलडोजर की कार्रवाई न होने से नाराज विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने खीरी के पूरादत्तू चौराहे पर विहिप नेता लालमणि तिवारी के नेतृत्व में शुक्रवार को सुबह 11 बजे के आसपास चक्का जाम कर दिया। आक्रोशित विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं व परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रशासन ने बुलडोजर की कार्रवाई करने के लिए 48 घंटे का समय लिया था। उससे अधिक समय बीतने के बाद भी कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई। जिसके विरोध में पुनः चक्का जाम कर विहिप नेता व कार्यकर्ता बुलडोजर की कार्रवाई के मांग पर अड़ गए। चक्का जाम की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई और विहिप नेताओं से चक्का जाम खत्म करने का अनुरोध करती रही लेकिन आक्रोशित लोगों ने उनकी एक भी न सुनी। सिर्फ आरोपी ग्राम प्रधान के घर पर बुलडोजर चलाने की मांग करते रहे।

**जिला प्रशासन पर 48 घंटे के बाद भी कार्रवाई न करने का आरोप, बुलडोजर की कार्रवाई के लिए प्रशासन ने पुनः लिया 48 घंटे का समय**



पुलिस की बात न मानने के बाद एसडीएम कोरांव अविनाश सिंह यादव व एसडीएम मेजा मौके पर पहुंचकर विहिप नेताओं से बातचीत करते हुए उनकी मांग के आधार पर कार्रवाई के लिए 48 घंटे का पुनः समय लिया। पूरा आश्वासन दिया जिसके बाद विहिप नेताओं ने चक्का जाम खत्म कर दिया। विहिप नेताओं ने चेतावनी दी है कि अगर 48 घंटे के भीतर कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई तो खीरी बाजार के साथ-साथ रीवा प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी चक्का जाम करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञातव्य हो कि छात्र सत्यम सेन पुत्र स्व मनकामना सेन (16) कि बीते मंगलवार को खीरी बाजार के तुर्क पुरवा में हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद दो दिन तक खीरी बाजार में चक्का जाम व बवाल पथराव तोड़फोड़ की गई थी। हत्या का आरोप खीरी गांव के ग्राम प्रधान मोहम्मद यूसुफ समेत गैर समुदाय के पांच लोगों पर लगाया गया है। जिसमें कुछ नाबालिक भी हैं। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, नाबालिकों को बाल सुधार गृह भेजा गया है।

**आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद भी माहौल बिगड़ने की कोशिश : राजेश पांडेय**

समाजवादी पार्टी के नेता राजेश पांडेय ने कहा कि जब मुलजिमों की गिरफ्तारी कर ली गई है, उन्हें जेल भेजा जा चुका है तो सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने व माहौल खराब करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। कानूनी तौर से कोर्ट के निर्णय का इंतजार करना चाहिए। लेकिन जिस तरह से लाठी डंडा लेकर आम जनमानस को उकसाकर माहौल बिगड़ने की साजिश की जा रही है। रोड जाम कर आम जनमानस को परेशान किया जा रहा है। यह भारतीय जनता पार्टी की हताशा तथा प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न करना लोकतांत्रिक देश में लोकतंत्र की खुलेआम धज्जियां उड़ाने की निशानी है।

## स्थाई बीडीओ न होने से जनता परेशान

**सहसों।** नव सृजित सहसों विकास खण्ड 2019 से अस्तित्व में आकर कार्य कर रहा है। जिसमें अधिकांश अस्थाई खण्ड विकास अधिकारियों की नियुक्ति के चलते ग्रामीण जनता परेशान है। 2019 से लेकर अब तक कई खण्ड विकास अधिकारी आए परन्तू उनमें से अधिकांशतः अतिरिक्त प्रभार के रूप में कार्य किया। जिसके चलते दो ब्लाकों में आने-जाने की वजह से प्रतिदिन विकास खण्ड मुख्यालय पर खण्ड विकास अधिकारी का बैठना संभव नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते आम आदमी अपने कार्य के लिए कई दिनों तक ब्लॉक का चक्कर लगाता है। इस संबंध में पूर्व ब्लाक प्रमुख मसूरिया दीन यादव, तीरथ राज सिंह आदि लोगों का कहना है कि जब तक यहां पर स्थाई खण्ड विकास अधिकारी की नियुक्ति नहीं हो जाती तब तक आम जनता अपने कार्य के लिए परेशान होती रहेगी। वर्तमान समय में भी खण्ड विकास अधिकारी देव कुमार विकास खण्ड सहसों के अतिरिक्त प्रभार के रूप में कार्य कर रहे हैं। पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित अन्य ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से ब्लॉक के लिए स्थाई खण्ड विकास अधिकारी की मांग की है। ताकि आम जनमानस की सभी समस्याओं का निदान त्वरित हो सके।

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम त्यौहार के दृष्टिगत थाना उतरांव मे धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की बैठक संपन्न



**उतरांव।** थाना उतरांव परिसर मे थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व मे श्री कृष्ण जन्माष्टमी व चेहल्लुम त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से थाना क्षेत्र के विभिन्न धर्मों के धर्मगुरुओं/पत्रकार बन्धुओं/गणमान्य व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों के साथ शान्ति समिति/पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी ।इस दौरान बैठक में उपस्थित विभिन्न धर्मगुरुओं, सम्भ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर उपरोक्त त्योहार को शान्ति एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी साथ ही सभी से अपील की गयी कि अराजक तत्वों के सम्बंध में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें । इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित अधिकारी/ कर्मचारीगण को भी थाना क्षेत्र में सतर्क दृष्टि रखते हुए आगामी त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया। उक्त अवसर पर सुल्तान सिद्दीकी,सरफराज प्रधान, दिलशाद, इश्तेखार, अश्वनी यादव, नवाब मंसूरी, जीतेन्द्र यादव प्रधान, शिवा कांत पाण्डेय, बाबा जयसवाल पूर्व प्रधान, जीतेन्द्र, उदय राज, जय प्रकाश, अनीस, शेष मणि बिंद नागेंद्र सिंह उर्फ चच्चू, राम अचल, बेलाल अहमद आदि लोग भारी संख्या मे उपस्थित रहे।

# अज्ञात बाईक की टक्कर से इलाज के दौरान वृद्ध महिला की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**जारी।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बड़गोहना कला कौंधियारा करछना प्रयागराज निवासी रामपति 85 वर्ष पत्नी स्वर्गीय चन्द्र लाल भारतीया बृहस्पतिवार को सुबह मॉर्निंग वॉक के लिए टहलने के लिए गई थी अचानक पीछे से बाइक सवार ने धक्का मार दिया धक्का लगने से महिला सड़क पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई परिजनों की सूचना मिलने पर आनंन- फानन में निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया ।जहां पर इलाज के दौरान बृहस्पतिवार को शाम सात बजे महिला की मृत्यु हो गई। सुनसान होने के कारण बाइक सवार मौके से फरार हो गया । रामपति के पुत्र सुब्बेलाल भारतीया द्वारा बताया गया की



बाइक सवार को अगल बगल के लोगो से पूछताछ करने पर कोई पता नही चला शुक्रवार को महिला का अन्तिम संस्कार कर दिया गया । इस दुख की घड़ी में प्रधान विद्ययधर बिन्द, करमा प्रधान अमरीश जयसवाल , दिलीप कुमार भारतीय , अशोक बिन्द, एवं समस्त ग्रामवसी ने शोक ब्याप्त किये।

# पुरानी रंजिश में महिला को कुल्हाड़ी से मार कर किया जख्मी, मुकदमा दर्ज




**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के किराव डिहवा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर पडोसी एक महिला को पैर में कुल्हाड़ी से मार कर जख्मी कर दिया गया। महिला ने थाने में तहरीर दे कर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा के ग्राम किरांव डिहवा निवासनीय शरीफुन निशां पत्नी हबीबुल्ला का आरोप है कि पडोसी से पुरानी रंजिश चली आ रही है उसी रंजिश को लेकर उसके घर में घुस आए और पैर में कुल्हाड़ी से मार कर जख्मी कर दिए। शरीफुन निशां ने मऊआइमा थाने में तहरीर देकर पड़ोस के ही एखलाक, मुस्लिम ,रूबिना बानो,रईस के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

# सार्वजनिक कंपोस्ट पिट से गांवो में तैयार होगी जैविक खाद

**अखंड भारत संदेश**

**रत्योरा करपिया गांव में कम्पोस्ट पिट निर्माण कार्य के लिए जमीन की गई चिन्हित, गांव के कूड़े कचरे से अब तैयार होगी खाद : शशिकांत**



**रात्योरा।** विकास खंड कोरांव में कंपोस्ट पिट के जरिए कचरे से जैविक खाद बनाने की योजना शुरू की गई है। जिसको लेकर गांवो में अब कंपोस्ट पिट का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। विकासखंड कोरांव के रत्योरा करपिया गांव में सार्वजनिक कंपोस्ट पिट के निर्माण के लिए ग्राम प्रधान शशिकांत कुशवाहा व ग्राम पंचायत सचिव संजय कुमार द्वारा हल्का लेखपाल मो0 रासीद की मौजूदगी में जमीन चिन्हित कर ली गई है। शासन की ओर से धन स्वीकृत कर दिया गया है। शीघ्र निर्माण कार्य शुरू होगा और निर्माण कार्य पूरा होने के बाद गांव के कचरे से अब जैविक खाद बनाने की मुहिम चलेगी। ग्राम प्रधान शशिकांत कुशवाहा ने बताया कि गांव से निकलने वाले कचरे का सदुपयोग हो इसके लिए सरकार की मंशा है कि गांवो में सार्वजनिक कंपोस्ट पिट बनवाकर उसमें जैविक खाद तैयार कराई जाए। जिसका उपयोग गांव के किसान कर सकें। वैसे सरकार ने गांवो में जगह-जगह पर कंपोस्ट पिट बनवाने की मुहिम शुरू की है। जिसके क्रम में अब गांवो में निकलने वाले कचरे से खाद तैयार कराई जाएगी। जिससे कचरे का सफल निस्तारण होगा और किसानों के उपयोग में खाद आएगी। इस मुहिम से ग्रामीणों को गांव में फैलने वाली गंदगी से भी निजात मिलेगी।

# पुरुष नसबंदी मे सराहनीय कार्य के लिए डॉ. नीरज सिंह पटेल को जिलाधिकारी ने किया सम्मानित

**अखंड भारत संदेश**

**मेजा।** जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े में कुल 11 पुरुष नसबंदी करने में सफलता प्राप्त करने पर सीएचसी रामनगर के अधीक्षक डॉ0 नीरज सिंह पटेल को डीएम प्रयागराज द्वारा प्रशस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि माह जुलाई में चलाए गए जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े के दौरान सीएचसी रामनगर के अधीक्षक डॉ0 नीरज सिंह पटेल की देख रेख में कुल 11 पुरुष नसबंदी किया गया था। ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक आशीष कुमार द्विवेदी के अनुसार आशा, आशा संगनीय, एएनएम,सी एच ओ, बीपीएम एव एच ई ओ की टीम द्वारा टीम भावना से किया गया था। जिसके परिणाम स्वरूप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर विगत 15 वर्षों में पहली बार जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े में 11लोगो का पुरुष नसबंदी कराने में बड़ी सफलता हासिल किया है। जो पूरे जनपद में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े कार्यक्रम में दूसरे स्थान पर रहा। गौरतलब है कि इस उपलब्धि के लिए बीते 30अगस्त को संगम सभागार प्रयागराज मे आयोजित एक कार्यक्रम में जिलाधिकारी संजय खत्री द्वारा डॉ0नीरज सिंह पटेल को बधाई देते हुए प्रशस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**सीएससी रामनगर मे पहली बार हुआ 11 पुरुष नसबंदी, मिली बड़ी कामयाबी, जनसंख्या स्थिरता पखवाड़े में सीएससी रामनगर जनपद में दूसरे स्थान पर**



## बैंक कर्मचारी पर ग्राहकों के साथ अभद्रता करने और परेशान करने का आरोप

**मऊआइमा।** बडौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा के एक कर्मचारी पर खातेदारों को परेशान करने एंव अभद्रता करने का आरोप लगाया गया है ।तथा इसकी शिकायत बैंक के अधिकारियों से की गयी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास निवासी अशोक कुमार कौशल का आरोप है कि पत्नी के नाम बडौरा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की शाखा हरिसेनगंज में है। अशोक कुमार का आरोप है कि उसकी पत्नी ने उनके नाम चेक काट कर दिया। अशोक कुमार का आरोप है कि चेक जब प्रबंधक ने पास कर दिया तो बैंक में तैनात एक चर्चित कर्मचारी ने हस्ताक्षर न मिलने की बात कही तथा कहे कि अपनी पत्नी को बुलाओ पत्नी को ले जाने पर आरोप है कि कर्मचारी नाना प्रकार के बहाना बाजी करने लगा। अशोक कुमार का कहना था कि उनकी पत्नी के हाथ में चोट लगी हुई है। इस लिए हस्ताक्षर में गडबडी आ रही है। आप फोटो मिला कर भुगतान कर दें।आरोप है कि बहुत जीहूजूरी और शाखा प्रबंधक के हस्तक्षेप से घंटों मशक्कत के बाद चेक को पास किया गया तब भुगतान हुआ। अशोक कुमार ने इसकी शिकायत बैंक के आला अधिकारियों से उक्त कर्मचारी के खिलाफ की है।

# ग्राम रोजगार सेवकों ने 8 सूत्रीय मांग पत्र बीडीओ उरुवा को सौंपा

**मेजा।** ग्राम रोजगार सेवक एकता संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आवाहन पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी उरुवा प्रयागराज के माध्यम से 8 सूत्रीय ज्ञापन दिया गया । उल्लेखनीय हैं कि विगत 4 अक्टूबर 2021 को डिफेंस एक्सपो के मैदान में ग्राम रोजगार सेवकों वह अन्य मनरेगा कर्मियों के विषय में सम्मेलन में की गई घोषणा के संबंध में जॉब चार्ट में अन्य कार्य को जोड़ना सेवा समाप्ति से पहले मनरेगा उपयुक्त सहमति से किया जाए की एच आर पाल्सी लागू करना इत्यादि हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, की तरह वेतन मानदेय में बढ़ोतरी की जाय ग्राम विकास अधिकारी की भर्ती में 50% का कोटा ग्राम रोजगार सेवकों के लिए आरक्षित किया गया ग्राम रोजगार सेवकों को मूल ग्राम पंचायत के अलावा रिक्त ग्राम पंचायत में भी कार्य लिया जाए एवं मनरेगा की यूजर आईडी पासवर्ड सिर्फ ग्राम रोजगार सेवक को ही दिया जाए अमित के अतिरिक्त आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु होने पर उसके आश्रित को सेवक में समायोजित किया जाए इपीएफ कटौती की धनराशि मनरेगा कर्मचारियों को यू एन खाते में भेजी जाए ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित करते हुए राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए वह पदनाम ग्राम विकास सहायक किया जाए पूर्व वित्तीय वर्ष का बकाया मानदेय भुगतान दिया जाए उक्त मौके पर ग्राम



रोजगार सेवक के जिला अध्यक्ष अनीश कुमार मिश्रा (सोनू) रामेश्वर यादव ब्लाक अध्यक्ष अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी प्रदीप रस्तोगी तकनीकी सहायक के जिला महामंत्री उदयवीर सिंह, शिवविर सिंह, घनश्याम जीत बहादुर, निर्दोष मिश्रा, सतेंदर, सतीश, बालगोविंद, संजीव ,संजीत ,पवन इंद्रजीत, पंकज, आजाद, सचिन, अजीत, हरीश ,मनोज आदि मनरेगा कर्मी उपस्तिथि रहें उपरोक्त मांगो को पूर्ण कराने सहित माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा पूर्व में की गई घोषणा को पूर्ण करने हेतु बीडीओ उरुवा के माध्यम से ज्ञापन दिया गया।

# ग्राम पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने व उनके सर्वांगीण विकास को लेकर हुई परिचर्चा**




**रत्योरा।** विकासखंड कोरांव के प्राथमिक विद्यालय कोसफरा खुर्द में ग्राम पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें एसआरजी सुनील तिवारी ने सभी अभिभावकों से शिक्षा के महत्व को बताते हुए बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजने एवं उनके सर्वांगीण विकास के बारे में जहां जानकारी दी वहीं एआरपी प्रभाकर सिंह द्वारा डीबीटी और निपुण भारत मिशन पर चर्चा करते हुए शासन और विभाग की मंशा के अनुरूप बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह द्वारा सामुदायिक सहभागिता को लेकर विशेष चर्चा की गई। इसी प्रकार प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने भी शिक्षा के महत्व व उसकी उपयोगिता के बारे में अभिभावकों को जानकारी दी। इस दौरान अवधेश कुमार मिश्रा, समीर मिश्र तथा एनपीआरसी वैदवार के नोडल शिक्षक संकुल शिवाकांत तिवारी तथा प्रधानाध्यापक नरेंद्र सिंह, संतोष सिंह, अमर सिंह, सतवंत, ओमप्रकाश सिंह, स्पेशल एजुकेटर दिनेश कुमार ने भी अभिभावकों को शिक्षा जगत से जुड़ी अहम जानकारियां दी। इस दौरान गांव के कई गणमान्य लोग एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्राथमिक विद्यालय कोसफरा के प्रधानाध्यापक रमाकांत सिंह द्वारा सभी आगंतुकों और अभिभावकों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहायक अध्यापक विनोद कुमार सिंह, शिक्षा मित्र वेद प्रकाश सिंह का भी सराहनीय योगदान रहा।

## मुद्दई मिला न आरोपी, 27 साल चला मुकदमा, अब पत्रावली दाखिल दफ्तर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद जिला न्यायालय में 27 साल से लंबित आपराधिक मामले में न तो मुल्जिम पेश हुआ और न अभियोजन पक्ष की ओर से एफआईआर लिखाने वाले मुद्दई को ही पेश किया जा सका। पुलिस ने अदालत को जानकारी दी कि आरोपी के अंकित पते पर उसके नाम का कोई व्यक्ति नहीं रहता। कोर्ट ने 30 साल से फरार सूबेदार यादव के खिलाफ स्थाई वारंट जारी कर पत्रावली को दाखिल दफ्तर करने का आदेश दिया है।मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार गौतम की अदालत में यह मामला वर्ष 1996 में आया था। घटना 30 साल पहले की है। तब, लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण मानव जीवन को संकट में डालने की एफआईआर सूबेदार यादव के खिलाफ सिविल लाइंस थाने में दर्ज की गई थी। आरोपी का नाम-पता भी सिविल लाइंस थाना क्षेत्र बताया गया था। रिपोर्ट का 1996 में कोर्ट ने संज्ञान ले लिया। उसके बाद सुनवाई की तारीखें लगने लगीं। 27 साल बीतने के बाद भी पुलिस न तो आरोपी को पेश कर सकी और न ही अभियोजन पक्ष कोई साक्ष्य पेश कर पाया।

# श्रीरामचरितमानस पूणार्हुति पश्चात प्रसाद वितरण एवं भंडारा आज



**अखंड भारत संदेश**

**करछना** के बेन्दौ स्थित प्रयाग इंजीनियरिंग कॉलेज मे शुक्रवार को श्रीरामचरित मानस के अखंड पाठ का आयोजन किया गया है। कॉलेज के संस्थापक छोटेलाल सिंह की ओर से आचार्य की मौजूदगी मे अखंड श्रीरामचरित मानस पाठ की पूजा करके शुभारंभ किया गया। इस मौके पर संस्था के चेयरमैन ज्ञान सिंह डा अनिल सिंह सचिव विकास सिंह प्रकाश सिंह, निदेशक डॉ एस सी तिवारी कुलसचिव आशीष तिवारी हिमांशु सिंह वीरेंद्र शुक्ल विवेक मिश्रा विक्रम सिंह संत लाल यादव एवं संस्था के सभी विभागाध्यक्ष अध्यापक एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक भाजपा यमुना पार के जिला उपाध्यक्ष व प्रयाग ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन ज्ञान सिंह पटेल ने बताया कि श्री रामचरितमानस की पूणार्हुति शनिवार को होगी। और पूणार्हुति पश्चात भंडारा भी आयोजित किया गया है।

## रामचरितमानस पाठ, रुद्राभिषेक के उपरांत भंडारे का हुआ आयोजन

**सहसों।** पवित्र पुरुषोत्तम मास एवं सावन के पावन महीने के समापन पर आयोजक एस पी आर एल फूड्स लिमिटेड सहसों के निदेशक राम लली केसरवानी के द्वारा कसेरूआ कला स्थित आवास पर अखंड रामचरितमानस पाठ एवं भगवान शिव को समर्पित रुद्राभिषेक तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राम लली केसरवानी सहित जिला कोषाध्यक्ष भाजपा गंगापार आशीष केसरवानी, मनीष केसरवानी, सतीश केसरवानी, नितिन केसरवानी परिवार समेत अखंड राम चरित मानस पाठ के पश्चात आचार्य विद्वान द्वारा विधि विधान से धूप दीप, पुष्प आदि के साथ पूजन अर्चन कर भगवान भोलेनाथ की रुद्राभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किए। उसके उपरांत हवन आदि कर सभी ने भगवान शिव की महा आरती किया। कार्यक्रम के उपरांत भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र से आए सैकड़ों श्रद्धालु भक्तों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हुए पुण्य के भागी बने। इस अवसर पर सत्यम केसरवानी एवं तमाम शिव भक्त भंडारे में सहयोग करते हुए उपस्थित रहे। इसी प्रकार सहसों पुलिस चौकी प्रांगण स्थित शिव मंदिर में पुजारी राम भवन ओझा के सानिध्य में भगवान भोलेनाथ की पूजन अर्चन भजन कीर्तन तथा सार्वजनिक सुंदर कांड पाठ के उपरांत शिव भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर लवकुश स्वर्णकार, कृष्णा केसरवानी, सहित आदि भक्तगंण महादेव का जयकारा लगाते हुए उपस्थित रहकर प्रसाद ग्रहण किया।

# डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती व एसीपी थरवई द्वारा मामले का हुआ सफल अनावरण

## 36 घंटे के अंदर ही हत्या करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार, हुई कार्यवाही





**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** पुलिस की सक्रियता से 36 घंटे के अंदर ही 27 वर्षीय युवक की गोली मारकर हत्या करने वाले झोलाछाप डॉक्टर हुआ गिरफ्तार। 30 अगस्त को सुबह करीब नौ बजकर तीस मिनट पर थाना थरवई क्षेत्रान्तर्गत गोमती नंबर 40 स्थित स्थित जन कल्याण चिकित्सालय में 27 वर्षीय युवक पंकज यादव को अभियुक्त राम सिंह उर्फ राज यादव गोली मार कर मौत के घाट उतार दिया। जिसमें घटना की लिखित तहरीर उनके भाई नीरज यादव द्वारा जनकल्याण चिकित्सालय राम सिंह उर्फ राज यादव के खिलाफ दी गई थी जिसमें पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेते हुए धारा 302 / 307 / 504 / 506 की आईपीसी धारा व 7 सीएलए एक्ट पंजीकृत करते हुए मामले को थरवई पुलिस व एसोजी गंगानगर की संयुक्त तीन टीमों द्वारा गहनता के साथ जाँच पड़ताल में पुलिस जुटी रही और 36 घंटे के अंदर ही पुलिस की संयुक्त टीमों द्वारा 27 वर्षीय युवक की हत्या करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल करते हुए मामले का सफल अनावरण हुआ। जिसमें डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती द्वारा बताया गया की मामला एक एंड्राइड मोबाइल खरीदने बेचने को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। अभियुक्त राम सिंह ने पंकज यादव को मोबाइल बेचा था जिसमें पंकज को मोबाइल में कुछ खराबी पायी गई जिसे वो वापस कर पैसे मांग रहा था तो पैसे के लेन देन को लेकर मामला चल रहा था जो 30 अगस्त को युवक पंकज को गोली मारकर उसकी हत्या कर मौके से झोलाछाप डॉक्टर फरार हो गया जिसको पुलिस ने 36 घंटे के अंदर ही अभियुक्त को घटित घटना के अगले दिन यानि 31 अगस्त की शाम करीब छः बजे के आस पास गिरफ्तार कर लिया गया। घटना में प्रयुक्त एक पिस्टल व कारतूस भी बरामद किया गया वहीं मौके से जिस बाइक से घटना कर फरार हुआ था जो दुपहिया बाइक यम्हा एफ जेड भी बरामद किया गया जिसका नंबर अभियुक्त के जनपद प्रतापगढ़ की थी। अभियुक्त मूल रूप से जनपद प्रतापगढ़ के थाना फतनपुर के ग्राम रामपुर गौरा का रहने वाला था। जो प्रयागराज के थाना थरवई अन्तर्गत किराये के मकान में जन कल्याण चिकित्सालय नाम से क्लीनिक चलाता था जो झोलाछाप डॉक्टर था। पुलिस द्वारा जाँच पड़ताल के दौरान पता चला की फर्जी तरीके से चलाता था न दावा देने व क्लीनिक का कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है। मृतक पंकज यादव के पिता जनपद वाराणसी के थाना सारनाथ में एसआई पोस्ट पर कार्यरत हैं जो मूल रूप सेथाना थरवई के सरायचंदी के रहने वाले हैं। मृतक पंकजआईबी आजाद मार्केट तेलियरगंज में रहते थे । मामले का डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारती के कुशल निर्देशन में एसीपी थरवई जंग बहादुर के कुशल पर्यवेक्षण में अभियुक्त की 36 घंटे में ही गिरफ्तारी हुई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टाइम में निरीक्षक लोकेन्द्र त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक थाना थरवई पुलिस टीम एसोजी टीम में उपनिरीक्षक दिनेश सिंह प्रभारी एसोजी गंगानगर, उपनिरीक्षक सुखचैन तिवारी प्रभारी सर्विलांस आदि कई पुलिस टीम मौजूद रहे।

# डीएम ने की आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने शुक्रवार को संगम सभागार में आईजीआरएस पोर्टल पर लम्बित शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने असंतोषजनक निस्तारण पाये जाने पर तहसीलदार कोरांव, हण्डिया एवं फूलपुर से स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि जो भी आख्या दी जाये, उसका एक बार अवलोकन अवश्य कर लें। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को शिकायतों का अनिवार्य रूप से निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है साथ ही यह भी निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनत न बरती जाये। उन्होंने सभी एसडीएम को गौशालाओं का निरीक्षण करने के लिए कहा है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गण, तहसीलदार गण उपस्थित रहे।



## सांसद जिलाध्यक्ष ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंच परिजनों को बंधाया ढांढस

**आरोपी अपराधी के खिलाफ कार्रवाई व शासन प्रशासन से मदद् का दिया आश्वासन**

**प्रयागराज।** बारा के सुंदरपुर में वृहस्पतिवार को चंद्रशेखर भारतीय की निर्ममता से हत्या होने के बाद शुक्रवार को इलाहाबाद की सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी व भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने पोस्टमार्टम हाउस प्रयागराज पहुंचकर वहां पर मौजूद परिजनों को ढांढस बंधाया और शोक-संवेदना व्यक्त किया। सांसद और जिलाध्यक्ष ने पीड़ित परिजनों को सांत्वना दिया व आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाही का आश्वासन देते हुए कहा योगी सरकार में हर अपराधी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होती है। सांसद और जिलाध्यक्ष ने शासन प्रशासन से मदद् दिलाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी सहित भारी संख्या में भाजपाई एवं क्षेत्रीय जनता मौजूद रहीं।



## कांग्रेसियों मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान को लेकर बाटा पर्चा

**करछना** 1 सितंबर को कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष जनाब शाहनवाज आलम साहब के निदेर्शानुसार मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान के तहत पर्चा वितरण के साथ हस्ताक्षर अभियान जिला इलाहाबाद के ग्राम व्यौहरा गाँव मे किया गया इलाहाबाद यमुनापार जिलाध्यक्ष कॉंग्रेस अल्पसंख्यक विभाग गुलाम हसन ( शहजादुल हक), के नेतृत्व मे किया गया जिसमें मौजूद एडवोकेट नरेन्द्र आदिवासी, रोहित कुशवाहा, सद्दाम अंसारी, पंचू भारतीय , अनिल कुशवाहा, नरेन्द्र यादव, फिरोज खान, रोहित भारतीय, शिवम भारतीय, सत्यम भारतीय, अमन सिद्दीकी आदि मौजूद रहे,



## भाजपा किसान मोर्चा नेता नीरज द्विवेदी को मातृ शोक

**मेजा रोड।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश के पदाधिकारी के मां की गुरुवार सुबह बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके निधन पर तमाम लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए अंतिम संस्कार में भाग लिया मांडा क्षेत्र के बम्हनी हेठार गाँव निवासी भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी नीरज द्विवेदी की मां उमा देवी (68) का गुरुवार सुबह लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार में गंगाघाट पर तमाम भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने भाग लिया।



## अवैध संबंधों के शक में दोस्त पर पेट्रोल फेंककर जिंदा जलाया

**प्रयागराज।** जार्जटाउन थाना क्षेत्र के सोहबतियाबाग में अवैध संबंधों के शक में एक अधेड़ पर पेट्रोल फेंक कर जिंदा जला दिया। घटना के समय अधेड़ और आरोपी दोनों साथ में नशा कर रहे थे। इसी दौरान उनमें विवाद हुआ। गंभीर हालत में उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पहले धारा 326 के तहत मुकदमा दर्ज किया था। बाद में उसे हत्या में तरमीम करते हुए आरोपी को बृहस्पतिवार को जेल भेज दिया।सोहबतियाबाग के रहने वाले भानू यादव (56) की पत्नी की मौत हो चुकी है। परिवार में और कोई नहीं है। वह अकेला रहता था। पुलिस सूत्रों के मुताबिक 28 अगस्त को वह रेलवे डाट का पुल के बगल में बैठा था। उसी दौरान पर पेट्रोल फेंककर जिंदा जला दिया गया। घटना के बाद आरोपी वहां से भाग निकला। भानू की चीख पुकार सुनकर आस पास के लोगों ने किसी तरह से आग बुझाई और पुलिस को सूचना देकर उसे एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना मिलने पर बहन अनीता यादव अस्पताल पहुंच गईं। भानू की हालत बहुत नाजुक थी। हालांकि उसने बताया कि पड़ोस के लखन ने ही उस पर पेट्रोल फेंककर जलाया है। अनीता की तहरीर पर पुलिस ने लखनऊ के खिलाफ धारा 326 के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। हालांकि वह फरार हो गया था। 30 अगस्त को भानू की अस्पताल में मौत हो गई। दारागंज एसओ राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि एफआईआर में धारा 302 बढ़ाकर आरोपी लखन को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि लखन और भानू में दोस्ती थी। लखन उस पर हमेशा विश्वास करता था। दोनों साथ में नशा भी करते थे। नशे के दौरान ही विवाद हुआ और लखन ने भानू पर पेट्रोल फेंक दिया।

## 22 दिन बाद पुलिस ने डॉक्टर की हत्या का मामला दर्ज किया

**झूंसी।** लीलापुर रोड चक हरिहरवन निवासी डॉक्टर शोभनाथ मौर्य का घर के पास खून से सना शव मिला था। उनके शरीर पर कपड़े भी नही थे। प्राइवेट पार्ट के पास भी घाव था। चर्चा थी कि डॉक्टर को साड़ मार डाला। पुलिस मामले को हादशा मान कर जांच कर रही थी पर कोई रिपोर्ट दर्ज नही की थी। वही परिजन हत्या का आरोप लगा रहे थे। घटना के 22 दिन बाद पुलिस ने हत्या की धारा में मामला दर्ज किया। लेकिन अभी भी पुलिस के हाथ खाली है। हंडिया सैदाबाद दुसौती निवासी डॉ. शोभनाथ मौर्य झूंसी चक हरिहरवन गांव में वर्षो से मकान बना कर परिवार के साथ रहते थे और लीलापुर रोड पर डिस्पेंसरी व पैथालॉजी चलाते थे। 8 अगस्त को भोर में उनके फोन पर उनके भांजे ने फोन किया कि उसकी ताभियत खराब है वह बीपी की मशीन व कुछ दवा लेकर घर से निकले थे पर वह वहा नही पहुचे सुबह घर के पास कीचड़ में खून से सनी डॉक्टर की लाश मिली थी। उनके शरीर पर केवल बनियान थी पैंट व अंडरवियर, शर्ट दूर पड़ा था। शरीर पर धार दार हथियार के निशान थे। प्राइवेट पार्ट के पास भी चोट थी। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से लिखित शिकायत की पर पुलिस का कहना था कि डॉक्टर शोभनाथ को साड़ ने मारा है। पुलिस मामले को हादशा बात कर रिपोर्ट दर्ज नही कर रही थी पर पुलिस के पास इस बात का जवाब नही था कि डॉक्टर के कपड़े कैसे उतर गए। 22 दिन बार गुरुवार की रात झूंसी पुलिस ने डॉक्टर के भाई आशोक कुमार की तहरीर पर हत्या का मामला दर्ज किया है। लेकिन जांच के नाप पर पुलिस के हाथ खाली है।

## महिला ने बेटी के अपहरण के प्रयास का लगाया आरोप, दो युवकों पर केस दर्ज

**प्रयागराज।** एक गांव की किशोरी का दो युवकों द्वारा जबरन अपहरण कर गाड़ी पर बैठने का प्रयास किया गया है। वहीं किशोरी के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े, तो दोनों आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले। घटना मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर नवाबगंज पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। नवाबगंज के आनापुर पुलिस चौकी अंतर्गत अलादादपुर गांव की रहने वाली कांति पत्नी जीत लाल का आरोप है कि उसकी बेटी ज्योति उम्र 15 वर्ष का जबरन दो युवकों द्वारा वहान पर बैठाकर अपहरण करने की कोशिश की गईं। अपहृतों से बचने के लिए जब किशोरी ज्योति ने शोर मचाया तो आसपास के लोग दौड़े तो वही धमकी देते हुए दोनों युवक भाग निकले। घटना के बाद किशोरी की मां कांति देवी नवाबगंज थाने में भवानी का पूरा गांव के रहने वाले रानी सरोज एवं मोनू के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस घटना मामले में केस दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## पुत्रियों की शादी हेतु अन्य पिछड़े वर्ग के पात्र आवेदक यथाशीघ्र ऑनलाइन करें आवेदन

**प्रयागराज।** शादी अनुदान योजनान्तर्गत अन्य पिछडे.वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे.वर्ग को छोड़कर) के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों की शादी हेतु विभागीय पोर्टल/ वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किये जाने हेतु वांछित अभिलेखों का होना आवश्यक है। सर्वप्रथम आवेदक द्वारा ऑनलाइनआवेदन भरने से पूर्व अपने आधार कार्ड एवं आधार लिंक मोबाइल नं0 तथा बैंक खाते की पास बुक (जिसमें पूर्ण विवरण अंकित हो, पठनीय हो) आय प्रमाण-पत्र (शहरी क्षेत्र में रू0 56460.00 एवं ग्रामीण क्षेत्र में रू0 46080.00 प्रतिवर्ष से अधिक न हो) जाति प्रमाण-पत्र, उम्र का प्रमाण-पत्र (पुत्री की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होना अनिवार्य है।) शादी का कार्ड आदि अभिलेख होना आवश्यक है। अपने रजिस्टेशन हेतु, अपना आधार नम्बर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया शुरू करेगा। आधार का अभिप्रमाणन पूर्ण होने के उपरान्त प्राप्त रजिस्टेज्शन नं0 एवं मोबाइल नं0 पर प्राप्त ओ0टी0पी0 के माध्यम से लॉगिन कर आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 से आवेदक तथा पुत्री (जिसकी शादी हेतु आवेदन किया जा रहा है।) दोनो का आधार आधारित ई-के0वाई0सी0 के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन किया जायेगा, इसलिए आधार से लिंक मोबाइल नं0 साथ में होना अनिवार्य है। आवेदक द्वारा शादी का प्रमाण-पत्र/शादी का कार्ड एवं बैंक पासबुक जिसमें (खाता धारक व बैंक का नाम, बैंक का खाता संख्या एवं आई0एफ0एस0सी0 कोड का विवरण अंकित हो) पठनीय हो प्रमाण-पत्र अपलोड करना अनिवार्य है। आवेदन केवल शादी के दिनांक से 90 दिन पहले अथवा 90 दिन बाद तक ही स्वीकार्य है। किन्तु उक्त अवधि की गणना वित्तीय वर्ष अर्थात 01 अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होनी चाहिए। आवेदक आवेदन को अन्तिम रूप से सबमिट करने से पूर्व कोई भी प्रविष्ट में सुधार कर सकता है, किन्तु फाइनल सबमिट करने के उपरान्त आवेदन में किसी भी प्रकार का सुधार किया जाना किसी भी स्तर पर सम्भव नहीं होगा। उक्त के सम्बन्ध में अन्य पिछडे. वर्ग के (अल्पसंख्यक पिछडे. वर्ग को छोड़कर) समस्त पात्र आवेदकों को सूचित किया जाता है कि अपनी पुत्रियों की शादी हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के लिए सावधानीपूर्वक नियमों का पालन करते हुये यथाशीघ्र आनलाइन आवेदन कर हार्ड कॉपी सम्बन्धित उपजिलाधिकारी/खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

# जेल जाने से बचने के लिए बना लिया मृतक प्रमाणपत्र हत्या के प्रयास के एक मामले में जा चुका है जेल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जेल जाने से बचने के लिए एक आरोपी ने अपनी मौत का प्रमाणपत्र बनवाकर कोर्ट में जमा में दे दिया। इसके बाद दूसरे नाम से गांव में ही रहने लगा। जानकारी के बाद वादी ने पुलिस को जानकारी दी। जांच में मामला सही मिलने पर जार्जटाउन के दरोगा ने आरोपी के खिलाफ हंडिया थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।क्षेत्र के ढ़ोकरी गांव निवासी रामधारी पुत्र शिवमूरत पर 2007 में मनोज भारतीया ने हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इसी मामले में पुलिस ने उसे जेल भेजा था। जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद आरोपी ने अपनी मौत का षड़यंत्र रच दिया। उसने अपनी मौत का प्रमाणपत्र बनवा लिया और श्यामधारी बन गया। ढ़ोकरी के ग्राम प्रधान विकास यादव ने उसकी मौत की लेटर पैड पर पुष्टि की थी। **ग्राम प्रधान पर भी मुकदमा दर्ज :** कोर्ट ने मामले का संज्ञान लेते हुए इसकी आख्या तलब की। जांच में पता चला की रामधारी ही श्यामधारी बनकर जेल जाने से बचने के लिए कोर्ट को गुमराह कर रहा है। आरोपी की पहचान मुकदमे के वादी मनोज भारतीया ने भी की। जार्जटाउन थाने के दरोगा अवधेश सोनी की तहरीर पर हंडिया पुलिस ने आरोपी रामधारी और ग्राम प्रधान विकास यादव पर धारा 197 एवं 420 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। मुकदमे के अनुसार कोर्ट व अन्य लोगों को रामधारी ही गुमराह कर रहा है। पंजीकृत मुकदमे में वहीं जेल भी जा चुका है। इसकी पुष्टि गांव के अन्य लोगों से बात करने पर हुई है। न्यायालय को धोखा देने व उसमें सहयोग करने के आरोप में पुलिस दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच में जुट गई है।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बहादुरपुर, प्रयागराज

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण

*क्षेत्र पंचायत-बहादुरपुर में पंचम राज्य वित्त एवं पन्द्रहवां केंद्र वित्त योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष-2023-24 में* कराये जाने वाले निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु मुहरबंद निविदायें अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 26-8-2023 से 14.09.2023 की सायं 03.00 बजे तक कार्य दिवसों में आमंत्रित की जाती है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। नियम व शर्तें किसी भी समय कार्यालय कार्य दिवस में देखी जा सकती है किसी एक व समस्त निविदा को निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी-बहादुरपुर का होगा। निविदा दिनांक 15.09.2023 को अपरान्ह 02.00 बजे गठित समिति एवं अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी अवकाश की दशा में दूसरे कार्य दिवस में खोला जायेगा। निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा फार्म के साथ बिल ऑफ क्वांटिटी उपलब्ध करायी जायेगी। प्रत्येक कार्य हेतु पृथक-पृथक निविदा डाली जायेगी तथा प्रत्येक कार्य की निविदा डालते समय 100रू0 के स्टैम्प पेपर के साथ जमा करना होगा। निविदा स्वीकृत होने पर 10 रू0 के स्टैम्प पर अनुबंध करना होगा। आरनेस्ट मनी की धनराशि 2 प्रतिशत की दर से निविदा प्रस्तुत करते समय एफ0डी0/एन0एस0सी0 के रूप में देय होगा। शेष 8 प्रतिशत की धनराशि निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त एफ0डी0/एन0एस0सी0 के रूप में कार्यालय में जमा करना होगा जो खण्ड विकास अधिकारी-बहादुरपुर के नाम से बंधक होगी को ही स्वीकार किया जायेगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा। किसी भी दशा में नगद धनराशि मान्य नही होगी साथ ही प्रत्येक कार्यों पर नियमानुसार आयकर, जी0एस0टी0एस0 एवं लेबर सेस की कटौती की जायेगी। बजट की प्रत्याशा में कार्यों का विवरण निम्नवत है-

### पंचम वित्त आयोग

| क्रम सं0 | परियोजना का विवरण एवं परिमाप | स्वीकृत प्राक्कलन की धनराशि (लाख रू0 ) (श्रम+सामग्री) | धरोहर धनराशि 2 % (रु० में) | धरोहर धनराशि 8 % (रु० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु० में) | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम पंचायत कोटवा में पक्की रोड से भोला यादव के घर तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य। माप –80X3.00मी0 | 3.862 | 6172 | 24689 | 500 | 03 माह |
| 2 | ग्राम लीलापुर खुर्द में मुकुन्द लाल कुशवाहा के घर से जगजीत विश्वकर्मा के घर तक इण्टरलांकिग कार्य माप –70X3.00मी0 | 3.131 | 6262 | 25048 | 500 | 03 माह |
| 3 | सुदनीपुरकला में रामजी के घर से गुलाब यादव के घर तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य माप –110X3.00मी0 | 5.23 | 10460 | 41840 | 500 | 03 माह |
| 4 | बीकापुर में काली रोड से रमाकान्त के घर तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य माप –50X3.00मी0 | 2.28 | 4560 | 18240 | 500 | 03 माह |
| 5 | ग्राम धमोईया में चौरा मन्दिर से राम सजीवन भारतीया के घर तक इण्टरलांकिग कार्य। माप –100X 3.00मी0 | 4.415 | 8830 | 35320 | 500 | 03 माह |
| 6 | मण्डौर में विपिन सिंह के दरवाजे से बाग तक इण्टरलांकिग कार्य। माप –100X 3.00मी0 | 4.415 | 8830 | 35320 | 500 | 03 माह |
| 7 | ग्राम कोटवा में लालचन्द्र यादव के मकान से वरूण राज के घर होते हुए यादव बस्ती तक इण्टरलांकिगमाप –150X 3.00मी | 7.24 | 14480 | 57920 | 500 | 03 माह |
| 8 | ग्राम धोकरी में अमरनाथ के खेते से शिवचरन के खेत तक इण्टरलांकिग कार्य। माप –60X 3.00मी | 2.96 | 5920 | 23680 | 500 | 03 माह |
| 9 | ग्राम कोटवा में रवि मिश्रा के घर से बोदल यादव के घर तक इण्टरलांकिग एवं नाली निर्माण कार्य। माप –55X 3.00मी | 2.93 | 5860 | 23440 | 500 | 03 माह |
| 10 | लीलापुर कला में पक्की रोड से राजेश फिरंगी के घर तक खण्डजा निर्माण कार्य। माप –120X 3.00मी | 2.486 | 4972 | 19888 | 500 | 03 माह |
| | **पन्द्रवॉ वित्त** | | | | | |
| 11 | ग्राम कोटवा में विनय पाठक के घर से धर्मराज सिंह के घर तक इण्टरलांकिग कार्य माप –135X 3.00मी | 7.291 | 14582 | 58328 | 500 | 03 माह |
| 12 | ग्राम कोटवा में योगेन्द्र सिंह घर से सुखराम सिहं के घर होते हुए रत्नेश कुशवाहा के घर तक इण्टरलांकिग निर्माण कार्य माप –114X 3.00मी | 4.73 | 9460 | 37840 | 500 | 03 माह |
| 13 | ग्राम दुबावल में आशीष के घर से रजनीश के घर तक इण्टरलांकिग कार्य। माप –50X 3.00मी | 2.27 | 4540 | 18160 | 500 | 03 माह |
| 14 | ग्राम फैजुल्लापुर में पुलिसा से अमरनाथ भारतीया के घर तक इण्टरलांकिग कार्य। माप –80X 3.00मी | 3.56 | 7120 | 28480 | 500 | 03 माह |
| 15 | ग्राम पंचायत यरना में काली रोड से राजू के घर तक इण्टरलांकिग कार्य। माप –100X 3.00मी | 4.31 | 8620 | 34480 | 500 | 03 माह |
| 16 | ग्राम पंचायत मण्डौर में खेल मैदान की बाउण्ड्रीवाल निर्माण माप –203X 0.023X1.80मी | 9.88 | 19760 | 79040 | 500 | 03 माह |
| 17 | ग्राम पंचायत वारी में इम्तेयाज के घर से राम विशाल के घर तक इण्टरलॉकिग कार्य। माप –100X 3.00मी | 4.81 | 9620 | 38480 | 500 | 03 माह |
| 18 | ग्राम रिठैया में ध्यान चन्द्र जायसवाल के घर से मुन्ना सिंह के घर तक इण्टरलांकिग कार्य। माप –100X 3.00मी | 4.81 | 9620 | 38480 | 50 0 | 03 माह |
| 19 | सेमरा में शिवपुर काली सड़क से जग नारायण के घर तक इण्टरलांकिग कार्य। माप –100X 3.00मी | 4.81 | 9620 | 38480 | 500 | 03 माह |
| 20 | ग्राम मलखानपुर में शिव मन्दिर काली रोड से समर बहादुर के घर तक इण्टरलांकिग कार्य। माप –100X 3.00मी | 4.81 | 9620 | 38480 | 500 | 03 माह |
| 21 | ग्राम देवरिया में रामलखन पटेल के घर से रामलाल पटेल के घर तक काली रोड तक इण्टरलांकिग कार्य। माप –60X 3. 00मी | 3.74 | 7480 | 29920 | 500 | 03 माह |
| 22 | ग्राम पंचायत भदकार में राजेन्द्र कुमार निषाद के घर से ज्ञान निषाद के घर तक इण्टरलांकिग एवं नाली निर्माण कार्य। माप –130X 2.00मी | 5.13 | 10260 | 41040 | 500 | 03 माह |
| 23 | ग्राम यरना में मुकेश के खेत से अरविन्द के खेत तक नाली निर्माण कार्य–150X 3.00मी | 5.21 | 10420 | 41680 | 500 | 03 माह |
| 24 | ग्राम पंचायत यरना में सुरेन्द्र के खेत से संजय के खेत तक पक्की नाली निर्माण कार्य। माप –150X 0.45X0.45 | 4.92 | 9840 | 39360 | 500 | 03 माह |
| 25 | ग्राम पंचायत सुदनीपुरकला में शिव मन्दिर से लालजी गुप्ताके घर तक नाली निर्माण कार्य। माप–150X 0.45X0.45 | 3.41 | 6820 | 27280 | 500 | 03 माह |
| 26 | ग्राम पंचायत सीहीपुर में विजय के खेत से उमाशंकर के खेत तक पक्की नाली निर्माण कार्य। माप –100X 3.00 मी0 | 4.92 | 9840 | 39360 | 500 | 03 माह |
| 27 | ग्राम जमुनीपुर में बृजेश के घर से तालाब तक इण्टरलांकिग एवं भूमिगत नाली निमार्ण। माप –100X 3.00 मी0 | 6.94 | 13880 | 55520 | 500 | 03 माह |
| 28 | ग्राम सभा देवरिया काली रोड से मुकेश शर्मा के घर तक इण्टरलांकिग माप –50X 3 | 2.27 | 4540 | 18160 | 500 | 03 माह |
| 29 | ग्राम सभा कोतारी में मदन यादव के चक्की से रामशंकर पाल के घर तक इण्टरलांकिग माप –100X 3 | 5.40 | 10800 | 43200 | 500 | 03 माह |
| 30 | ग्राम पचायत ढोकरी में रामप्रताप के घर से रामधारी के घर तक इण्टरलांकिग माप –120X 2.5 | 4.88 | 9760 | 39040 | 500 | 03 माह |
| 31 | ग्राम पंचायत – ढोकरी गेदा लाल भारतीया के घर से जालिमपुर चौराहा तक इण्टरलांकिग कार्य | 4.81 | 9620 | 38480 | 500 | 03 माह |
| 32 | ग्राम पंचायत कटियारी चकिया उदयभान के खेत से रामनाथ के खेत तक इण्टरलांकिग कार्य माप –110X 2.70 | 5.10 | 10200 | 40800 | 500 | 03 माह |
| 33 | ग्राम पंचायत– करनपुर में मुख्य खण्डजा से रमेश भारतीया के घर तक इण्टरलांकिग कार्य। माप –100X 3 | 4.81 | 9620 | 38480 | 500 | 03 माह |
| 34 | ग्राम पंचायत चकिया हिनौता में शारदा प्रसाद के घर से जबर के घर तक इण्टरलांकिग कार्य माप –100X 3 | 5.03 | 10060 | 40240 | 500 | 03 माह |
| 35 | ग्राम पंचायत पहाडपुर में मनोज यादव के घर से लालजी यादव के घर तक इण्टरलांकिग कार्य माप 100X 3 | 5.03 | 10060 | 40240 | 500 | 03 माह |

प्रमुख
क्षेत्र पंचायत-बहादुरपुर

खण्ड विकास अधिकारी
बहादुरपुर, प्रयागराज

पत्रांक-734/आंकिक/पंचम वित्त आ0-पन्द्रहवॉ वित्त आ0/2023-24 दिनांक-26-08-2023

### पट्टा कराने के नाम पर लेखपाल ने हड़पे लाखों रुपये

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गांव में पट्टा करने के नाम पर लेखपाल ने कई लोगों से लाखों रुपए का गबन कर लिया। अपने को ठगा महसूस करके जब लेखपाल से बात पीड़ितों ने की तो लेखपाल ने पैसा देने से इनकार कर दिया सभी लोगों ने पट्टी कोतवाली में लेखपाल के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र की बेला गांव के रहने वाले रमजान तथा सुहान व राधेश्याम ने एक संयुक्त शिकायती पत्र पट्टी कोतवाली में दिया जिसमें सभी ने बताया कि एक साल पहले उनके गांव में तैनात लेखपाल पट्टा करने के नाम पर लाखों रुपए लेकर चला गया काफी दिन बाद पट्टा जब नहीं हुआ तो सभी पीड़ित खुद को ठगा महसूस करते हुए पट्टी कोतवाली में शिकायत पत्र देकर आरोपी के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## हापुड़ में पुलिस लाठीचार्ज को लेकर वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### तहसील परिसर में जमकर हुई नारेबाजी, कामकाज का वकीलों ने किया बहिष्कार

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** हापुड़ जिले में अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज तथा गाजियाबाद में साथी अधिवक्ता की हत्या को लेकर शुक्रवार को लालगंज तहसील में अधिवक्ताओं में आक्रोश फैल गया दिखा। नाराज वकीलों ने न्यायिक कामकाज का बहिष्कार करते हुए आम सभा में प्रस्ताव भी पारित किए। बड़ी संख्या में अधिवक्ता तहसील परिसर में एकत्रित हुए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश के नेतृत्व में वकीलों का जत्था तहसील परिसर से लेकर तहसील गेट तक विरोध प्रदर्शन में देखा गया। अधिवक्ताओं में इस बात का गुस्सा ज्यादा दिखा कि हापुड़ में पुलिस द्वारा लाठी चार्ज की घटना का अभी तक सरकार ने कोई गम्भीर संज्ञान नही लिया। संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि हापुड़ में पुलिस ने लाठी चार्ज कर विद्वान अधिवक्ताओं पर खुला हमला बोला और दूसरी तरफ गाजियाबाद में पुलिस प्रशासन को चुनौती देते हुए एक अधिवक्ता की उसके चैंबर में हत्या कर दी गई। अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए एसडीएम के कोर्ट के सामने पहुंचे। यहां हापुड़ लाठीचार्ज की न्यायिक जांच कराए जाने तथा गाजियाबाद में अधिवक्ता की हत्या को लेकर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई का मांग पत्र सौंपा। एसडीएम लालधर सिंह यादव ने वकीलों को समझा बुझाकर शांत कराया। वकीलों के विरोध प्रदर्शन के चलते शुक्रवार को तहसील में राजस्व अदालतों में कामकाज ठप दिखा। वहीं आमसभा में वकीलों ने प्रशासन को चेतावनी दी है यदि हापुड में पुलिस लाठीचार्ज के आरोपी कार्रवाई से बचे तो आरपार का मुकाबला होगा। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष लाल विनोद सिंह, महामंत्री धीरेन्द्र शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्रा, राममोहन सिंह, शैलेंन्द्र सिंह बघेल, दिनेश सिंह, मो. असलम, रामअंजोर तिवारी, मनीष तिवारी, मोहित जायसवाल, दिनेश मिश्रा, संतोष पांडेय, सिंटू मिश्रा, राजेश कनौजिया, विजय प्रकाश त्रिपाठी आदि अधिवक्ता रहे।

## जनपदीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

अखंड भारत संदेश



कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अधिकारी।

**प्रतापगढ़।** जनपदीय विद्यालयीय कुश्ती प्रतियोगिता जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह के निर्देशन में प्रधानाचार्य रामेंद्र प्रताप सिंह महावीर सिंह इंटर कॉलेज खीची पूरे गिरवर अजगरा प्रतापगढ़ के संयोजकत्व में संपन्न हुआ।

प्रतियोगिता को संपन्न कराने में राम कुमार सिंह जिला व्यायाम शिक्षक प्रतापगढ़ व सुशील सिंह जिला स्काऊट शिक्षक प्रतापगढ़, शालिक राम प्रजापति, अखिलेश सिंह, कौशलेंद्र प्रताप सिंह, सुभाष चंद्र पाण्डेय, सुदीप पाण्डेय, प्रियंका सिंह, अमित सिंह, पवन सिंह एवं विद्यालय परिवार का पूरा सहयोग रहा। जिला क्रीड़ा सचिव दिनेश चंद्र पाण्डेय ने आए हुए सभी टीम मैनेजर और टीम कोच एवं निर्णायकों के प्रति आभार प्रकट किया। चयनित बच्चे 8 सितंबर को मंडलीय प्रतियोगिता इलाहाबाद में प्रतिभा करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने सभी विजयी बच्चों को मण्डल व स्टेट में विजय के लिए अपना आशीर्वाद दिया।

## झूलेलाल जयंती पर पूजा अर्चना के बाद निकली शोभा यात्रा, लंगर का भी किया गया आयोजन

अखंड भारत संदेश



पूजा अर्चना करते सिंधी समाज के लोग।

**प्रतापगढ़।** झूलेलाल की जयंती आज शहर में सोल्लास धूमधाम से मनाई गई जिसमें सिंधी समाज के लोग दोपहर बारह बजे से ही तालिब धर्मशाला में पहुंचकर पूजा अर्चना में भाग लिये। पूजा के बाद आरती में बड़ी संख्या में महिलाएं, बच्चे भी शामिल थे, फिर वहां प्रसाद ग्रहण के रुप में लंगर का आयोजन किया गया और शाम में भव्य शोभा यात्रा शहर में निकाली गई।

तालिब धर्मशाला में पूजा अर्चना व लंगर में सिंधी समाज के हेमंत कुंदनानी, राजेश कुंदनानी तथा बड़ी संख्या में लोग पहुंचे थे। शाम को तालिब धर्मशाला से भव्य शोभा यात्रा निकली जो बाबागंज पेट्रोल पम्प, रेलवे स्टेशन होते हुए चैक गई। चैक से सदर बाजार होते हुए बेल्हा देवी पहुंची और देर शाम इसका समापन बेल्हा देवी में किया गया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भजन कीर्तन करते हुए आगे बढ़ रहे थे। दोपहर बारह बजे से शुरू झूलेलाल की पूजा के बाद शाम सात बजे के बाद बेल्हा देवी मंदिर में समापन हुआ। पूरा सिंधी समाज आज अपने-अपने व्यवसाय को बंद करके इस पूजा में शामिल हुआ था और झूलेलाल की जयंती पर हर वर्ष की तरह इस बार भी सिंधी समाज के अलावा भी लोगों ने हिस्सा लिया।

## आंवला से बनी सामग्री भी सहकारी समितियों पर मिलेंगे: मोती सिंह

### हादीहाल में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश



हादीहाल में आयोजित कार्यक्रम में बोलते पूर्व मंत्री मोती सिंह व मौजूद सदर विधायक ।

**प्रतापगढ़।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड (सहकारिता विभाग) के संयोजकत्व में भारत सरकार के बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल माध्यम से किया। जिले के तुलसी सदन हादी हाल में लाइव का सीधा प्रसारण हुआ। हादीहाल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदीप कुमार सिंह बाले सिंह ने किया।

मुख्य अतिथि राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश रहे। विशेष आमंत्रित अतिथि राजेन्द्र कुमार मौर्य विधायक सदर रहे। इस दौरान नारेंद्र कुमार यादव सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता प्रतापगढ़ ने बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अनिल कुमार सचिव/मुख्य कार्यपालक अधिकारी जिला सहकारी बैंक लिमिटेड प्रतापगढ़ ने सभी आये हुए अतिथियों, 172 समितियों के सचिवों, सभापति, डेलीगेट एवं किसानों का स्वागत एवं अभिनन्दन किए। मुख्य अतिथि ने कहा कि बी-पैक्स सदस्यता महा अभियान प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश के जिलों से अधिक होगा, इसके लिए समिति, बैंक शाखा, ब्लाक या तहसील स्तर पर कैंप लगा कर लक्ष्य को पूरा किया जा सकता है। अब समितियों के माध्यम से पेट्रोल पम्प भी लगाये जायेंगे।

आंवला से बनी सामग्री एवं औषधि भी सहकारी समिति पर मिलेंगे। सदर विधायक ने कहा कि सदस्यता महाअभियान चलाकर गाँव के किसानों को डेरी उद्योग चला कर उनको ऋण देकर, सहकारिता को मजबूर किया जा सकता है। गुजरात में दुग्ध क्रांति का उदाहरण भी दिये।

बैंक सभापति ने कहा कि, इस सदस्यता महा अभियान के अंतर्गत सदस्य बनने वाले समिति चुनाव में वोट भी देंगे। केसीसी ऋण, पशुपालन एवं मत्स्य पालन ऋण भी बैंक उपलब्ध करायेगा। राजेन्द्र सिंह संचालक बैंक ने भी कहा कि सहकारिता से ही किसानों को सही लाभ मिल सकता है। लक्ष्मी सुमन निगम उप महाप्रबंधक ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किए। इस अवसर पर, विनोद पाण्डेय प्रतिनिधि मंत्री, अरूण मौर्य प्रतिनिधि विधायक, आलोक कुशवाहा अनुभाग अधिकारी लेखा, गौरव सिंह अनुभाग अधिकारी प्रसाशन, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह शाखा प्रबंधक कोहडौर, आशीष द्विवेदी बैंक नाजिर, संदीप कुमार मौर्य शाखा प्रबंधक, अभिनव निषाद शाखा प्रबंधक, मोहन लाल सरोज अपर जिला सहकारी अधिकारी, के. पी. सिंह पूर्व शाखा प्रबंधक, अजय सोनी, सुरेश सिंह शाखा प्रबंधक, समस्त एडीओ, एडीसीओ सहकारी आदि सैकड़ों किसानों/पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। संचालन दिनेश तिवारी ने किया।

## सुगतानन्द बुद्ध विहार में प्रवज्या व दीक्षा दिवस के रूप में मनाया गया श्रावण पूर्णिमा

### दीपमालाओं की रोशनी से नहाये परिसर में गूंजा परित्त सुत्तों का संगायन

अखंड भारत संदेश



सुगतानन्द बुद्ध विहार में मौजूद मुख्य अतिथि भिक्खु धम्मज्योति व अन्य।

**प्रतापगढ़।** श्रावण पूर्णिमा के पावन अवसर पर सुगतानन्द बुद्ध विहार पर श्रद्धावान उपासक व उपासिकाओं द्वारा पावन भिक्खु संघ के सानिध्य में श्रद्धापूर्वक आनापानसति, सामूहिक साधना, त्रिरत्नो की वंदना, दान पारमिता व बोधि पूजा में शामिल हो कर प्रवज्या व दीक्षा दिवस मनाया।

बता दें कि श्रावण पूर्णिमा बौद्ध दर्शन में महान आध्यात्मिक महत्व है। कानपुर से पधारें मुख्य अतिथि के रूप पधारें भिक्खु धम्मज्योति ने कहा कि पालि व प्राकृत भाषा में सवन का अर्थ होता है सुनना। यह सवन ही संस्कृत में श्रवण हुआ है जिसका अर्थ होता है सुनना। सवन से सावन और श्रवण से श्रावण हुआ है। इस प्रकार सावन अर्थात श्रावण का महीना सुनने का महीना है। इसीलिए देव आवाहन सुत्त में लिखा गया है धम्म सवन कालो, अयं भदन्ता। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बहन लीलावती ने कहा कि इसी दिन कुलपुत्र यश को संघ द्वारा प्रथम प्रवज्या व उनके माता-पिता को प्रथम उपासिका व उपासक के रूप में दीक्षित किया गया व आँगुलीमाल (अहिंसक) की प्रवज्या भी इसी दिन हुई थी, इसलिये आज के दिन को प्रवज्या व दीक्षा दिवस के रूप में मनाया जाता हैं। इस अवसर पर उपोसथ अधिष्ठाता जी0पी0 स्वावलबी ने कहा कि सम्राट अशोक ने धम्म सावन में बदलाव किए, अधिकारी नियुक्त किए तथा बड़े पैमाने पर धम्म सावन का कार्य जारी किए। शिलालेख में अशोक के धम्म सावन संबंधी कार्यो को अंकित पाएंगे। संयोजन व संचालन कर रहे राकेश कन्नौजिया ने कहा कि भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण के तीन माह पश्चात सावन की पूर्णिमा को ही पहली संगीति राजगृह के बैभार पर्वत पर सप्तपर्णी गुफा में सम्राट अजातशत्रु के पोषण में आयोजित की गयी। बौद्ध इतिहास की यह महानतम घटनाओं में से एक है जिसमें भगवान के वचनों को संग्रहीत करने के लिए पांच सौ अरहत एकत्रित हुए थे।

वह महान संग्रह को त्रिपिटक कहते हैं। यह संगीति सात माह चली थी। डॉ0 दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि भारतीय दर्शन ने विश्व को प्रभावित किया जो बौद्ध देशों में परम्पराएं आज भी यथावत जीवित हैं तथा अपनी उद्गम पावनभूमि भारत में क्रमिक रूप से वापस लौट रही हैं। पूज्य भदन्त कल्याणमित्र महास्थविर द्वारा त्रिशरण व पंचशील प्रदान किया गया। महोपासक दिनेश कुमार के नेतृत्व में परित्त सुत्तों का संगायन किया गया जिसमें शोभा कन्नौजिया, राम उमर वैश्य, दिनेश लालती, राजीव कुमार अनीता, अंजनी अवधेश, शकुन्तला इंद्रजीत, सुनीता दिनेश, मनोज कुमार, वेद प्रकाश, सुरेंद्र विमल, हरि श्याम मौर्य, आर0 बी0 मौर्य, बसन्त मौर्य, महिमा, संजय, आरती विजय, श्वेता प्रभात, विनोद, अनिल बौद्ध, शिव प्रकाश मौर्य, शकुंतला इंद्रजीत, शाश्वत, प्राची राहुल व चंदन आदि बड़ी संख्या में उपासकगण मौजूद रहे।

## महिला व उसके परिवार के लोगों की पिटाई के मामले में पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** महिला व उसके परिवार के लोगों के साथ हुई मारपीट की घटना में पुलिस के कार्यवाही ने करने से पीड़ित परिवार दहशत में है। लीलापुर थानान्तगत फूलपुर गांव की रेहाना बेगम पत्नी आफताब अहमद का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर बीस अगस्त की रात करीब साढ़े ग्यारह बजे गांव के आधा दर्जन से अधिक लोग लाठी डण्डा लेकर उसके दरवाजे पर आ धमके। आरोपीगण गाली देते हुए मारपीट पर आमदा हो गये। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपियो ने घर मे घुसकर उसे व उसके पति तथा परिवार के लोगों को मारापीटा व जान से मारने की धमकी भी दी। शोरशराबा सुनकर बचाव में गांव के लोग पहुंचे तो आरोपीगण घरेलू सामानों मे तोडफोड करते हुए चले गये। घटना को लेकर पीडिता ने पुलिस को तहरीर दी लेकिन घटना के ग्यारह दिन बाद भी जांच के नाम पर पुलिस हीलाहवाली कर रही है। एसओ सुभाष यादव का कहना है कि मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## घर में घुसकर हजारों की नकदी व जेवरात चोरी का केस दर्ज

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** घर में घुसकर हजारों की नकदी व जेवरात चोरी कर लेने की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भेभौंरा गांव निवासी सुनील कुमार मिश्र पुत्र कृष्णद×ा मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीस अगस्त की रात्रि अज्ञात चोर उसके घर में घुस आये। कमरे में रखी आलमारी का लॉक तोड डाला और उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात तथा दस हजार की नकदी चुरा ले गये। घटना को लेकर जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## लूट का आरोपी धराया

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** युवक को मारपीट कर नकदी तथा बाइक छीन लेने की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना के अगले दिन पुलिस ने गश्त के दौरान आरोपित को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। उदयपुर थाना क्षेत्र के ननौती गांव निवासी संजय सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह के अनुसार गुरूवार को वह अपने साथी रोहित तथा प्रशान्त के साथ रात आठ बजे मंगापुर बाजार से घर लौट रहा था। आरोप है कि पूरे बसन्दर के पास इसी गांव के अजय मिश्र व उसके भाई मोटू मिश्र ने उसे जबरन रोक लिया और पांच हजार रुपए की नकदी व बाइक छीन लिया। विरोध करने पर आरोपियो ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। एसओ निकेत भारद्वाज का कहना है कि मामले मे मुकदमा दर्ज किया गया है। शुक्रवार को सुबह गश्त के दौरान पुलिस ने आरोपी अजय को गिरफ्तार कर न्यायालय दिया।

## विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान कल्याण एसोशिएसन ने सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान कल्याण एसोशिएसन ने पुलिस को ज्ञापन सौंपा। एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पाण्डेय द्वारा साथियों के साथ लीलापुर एसओ सुभाष यादव को दिये गये ज्ञापन में कहा गया है कि शमसेरगंज गांव की शीला चैरसिया पत्नी श्यामलाल चैरसिया की जमीन पर निर्मित पिलर व छप्पर को गिराने के आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाय। आवारा पशुओं से निजात दिलायी जाय। इस मौके पर केसरी देवी पटेल, ननकू प्रजापति, गुड़िया प्रजापति, अखिलेश कुमार, ओमप्रकाश शर्मा, शकुन्तला देवी, नंदलाल तिवारी आदि मौजूद रहे।

## विज्ञान के सकारात्मक उपयोग से मानव जीवन सुरक्षित

### राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव में विचारोत्सव 2023 का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** राजकीय हाईस्कूल सराय आनादेव प्रतापगढ़ में विज्ञान क्लब के तत्वावधान में विचारोत्सव 2023 (आइडिया फेस्ट 2023) का आयोजन किया गया। विचारोत्सव में विद्यार्थियों ने मानव जीवन को बेहतर, सुरक्षित एवं अत्याधुनिक बनाने के लिए नवाचारों का प्रस्तुतिकरण किया। विचारोत्सव के आयोजक विज्ञान शिक्षक अनिल कुमार निलय ने बताया कि विद्यार्थियों ने विज्ञान के सकारात्मक उपयोग से मानव जीवन के उपयोगी संसाधनों पर नवाचार कर उन्हें बेहतर, अत्याधुनिक और अत्यधिक उपयोगी संसाधनों में बदलने संबंधी नवप्रवर्तन प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये।

विचारोत्सव में कोमल विश्वकर्मा ने मोबाइल से निकलने वाली पराबैगनी किरणों के दुष्प्रभाव से बचाव हेतु यू०वी० प्रोटेक्टेड बेड, सारा सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं से सुरक्षा हेतु साइकिल में तकनीकी सुधार,भारती यादव ने वर्षा और धूप से दो पहिया वाहन के बचाव, अश्वनी कुमार ने समरसिबल के आटोमेटिक स्टार्टर तथा खुशी सिंह ने मॉडर्न स्विच बोर्ड संबंधी अपने नवाचार प्रस्तुत किये। सभी प्रस्तुतियों से सम्बन्धित प्रश्न विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा किये गये जिनका उत्तर प्रस्तोताओं द्वारा प्रदान किये गये। शिक्षकों द्वारा उनमें सुधार संबंधी दिशानिर्देश भी दिये गये। कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रधानाध्यापक राम प्रकाश द्वारा विद्यार्थियों को बधाई दी गई। इस अवसर पर प्रवीण कुमार सिंह, संतोष कुमार, विजय कुमार, विनोद कुमार, रामधन यादव सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## चेकिंग के दौरान अवैध पिस्टल व तमंचा संग दो अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में जिले में हुई अपराधिक वारदातों के अनावरण व सक्रिय अपराधियो के विरुद्ध कार्यवाही के अभियान के अन्तर्गत जनपद पुलिस द्वारा लगातार सूचना संकलन व सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम मे कल दिनांक 31.08.2023 की जनपद के थाना कन्धई के उ0नि0 श्री महेश कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र कन्धई के बनी नहर पुलिया के पास से दो व्यक्तियों नितिन तिवारी पुत्र हरिश्चन्द्र तिवारी नि0ग्राम रमगढ़ा थाना आसपुर दवेसरा जनपद प्रतापगढ़ व युवराज मिश्रा पुत्र स्व0 अजय मिश्रा नि0ग्राम एलाही थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को बिना नम्बर की पल्सर मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।



एमडीपीजी कालेज में परीक्षा देते परीक्षार्थी।

## एमडीपीजी कालेज में बीकॉम की तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ।** एमडीपीजी कॉलेज के वाणिज्य संकाय में आज शुक्रवार को एम कॉम तृतीय सेमेस्टर एवं बीकॉम तृतीय सेमेस्टर की आंतरिक परीक्षाएं संपन्न हुईं। वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ सी एन पांडे की निगरानी में परीक्षाएं हुईं। एम कॉम तृतीय सेमेस्टर में 48 एवं बीकॉम तृतीय सेमेस्टर में 118 परीक्षार्थियों ने आज परीक्षा दी। परीक्षा में डॉ बलराज मिश्र, डॉ मृदुल उपाध्याय, डॉ आकांक्षा मिश्रा, सभाजीत यादव, अनाथ शेट्टी आदि ने सहयोग किया। महाविद्यालय के जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि दो सितंबर एवं 4 सितंबर को बीकॉम पंचम सेमेस्टर की आंतरिक टेस्ट की परीक्षाएं होंगी। बता दें कि विश्वविद्यालय के निर्देश पर स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं की विषम सेमेस्टर की सतत आंतरिक मूल्यांकन की परीक्षाएं जनपद के सभी महाविद्यालयों में संचालित हो रही हैं।

## लूट करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार, बाइक व मोबाइल बरामद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पट्टी में पंजीकृत मु0अ0सं0 367/2023 धारा 394, 504, 411 भादवि से सम्बन्धित चार अभियुक्तों आकाश गौतम पुत्र हरिश्चन्द्र गौतम नि0ग्राम आनापुर थाना कन्धई, दिवाकर गौतम पुत्र तीरथराज, विजय कुमार गौतम पुत्र राममिलन गौतम व पवन कुमार पुत्र संतकुमार निवासीगण ग्राम सरसतपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को जनता के लोगों के मदद से थाना क्षेत्र पट्टी के रायपुर रोड़ के पास से पकड़े गये थे, जिन्हें थाना पट्टी पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया व उपरोक्त मुकदमा से सम्बन्धित लूट का 4400 रुपये, रियलमी मोबाइल फोन व मोटर साइकिल बरामद की गई।

## खबर संक्षेप

### राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए 06 सितम्बर से 25 सितम्बर तक करें आवेदन

**कौशाम्बी।** शैक्षिक सत्र 2023-24 के लिए राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त एवं संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार एवं उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त स्ववित्त पोषित विद्यालयों के शिक्षकों को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार चयन के सम्बन्ध में दिनांक 06 सितम्बर 2023 से 25 सितम्बर 2023 तक वेबसाइट पर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। यह जानकारी जिला विद्यालय निरीक्षक ने देते हुए बताया कि सम्बन्धित शिक्षकगण अपने समस्त अभिलेख/ उत्कृष्ट कार्यां का विवरण आवेदन-पत्र के साथ ऑनलाइन अपलोड करें, जिसमें सम्बन्धित शिक्षकगण द्वारा अपने उत्कृष्ट कार्यां के सम्बन्ध में 05 मिनट का वीडियो भी अपलोड किया जायेंगा। ऑफलाइन आवेदन स्वीकार्य नही किये जायेंगे।

# ग्राम चौपाल में सीडीओ ने सुनी जनसमस्याएं

## बेसिक शिक्षा विभाग और जल निगम से अधिकारियों के ना उपस्थित होने पर स्पष्टीकरण प्राप्त करने का दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश




**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी ने ग्राम पंचायत सैनी में ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए ग्राम चौपाल में अधिकारियों द्वारा अपने विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामवासियों को विस्तृत जानकारी दी गयी चौपाल में पेंशन आदि से सम्बन्धित शिकायतें प्राप्त हुई, जिसके निस्तारण के लिए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सहायक विकास अधिकारी(स0क0) को निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायत में गोल्डेन कार्ड बनाने जाने की प्रगति धीमी पायी जाने पर मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारी को गोल्डेन कार्ड बनाए जाने में तेजी से अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम चौपाल कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अथवा खण्ड शिक्षा अधिकारीतथा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम अथवा उनके अधीनस्थ सहायक अवर अभियन्ता, जल निगम के अनुपस्थित पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए ग्राम चौपाल में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अरविन्द कुमार सागर, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई संजय जयसवाल विजय शंकर त्रिपाठी खण्ड विकास अधिकारी कड़ा, सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी), सहायक विकास अधिकारी (कृषि), सहायक विकास अधिकारी (स./क.), पूर्ति निरीक्षक, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, लेखपाल व ग्राम प्रधान उपस्थित रहें।

### धोखाधड़ी ठगी के दो आरोपियों को कोखराज पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोखराज कौशांबी** धोखा धड़ी और ठगी करने के दो आरोपियों को कोखराज पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक अपराध संख्या 385 सन 2023 धोखाधड़ी अमानत में खयानत ठगी सहित विभिन्न आईपीएस की गम्भीर धाराओं थाना कोखराज में दर्ज हुआ है उक्त मुकदमे में राहुल उर्फ अभिनंदन पुत्र वीरेंद्र विश्वकर्मा निवासी मोहम्मदपुर थाना पिपरी और शनि उर्फ रजनीश वर्मा पुत्र राजकुमार वर्मा निवासी एनडी कॉलोनी भरवारी थाना कोखराज वांछित मुलजिम थे कोखराज थाना पुलिस ने शुक्रवार को इमामगंज तिराहे के पास से दोनों वांछित मुलजिमों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है।

### अस्पताल के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**चायल कौशांबी** पिपरी थाना क्षेत्र के चायल कस्बे में 31 अगस्त की रात समर्थ हॉस्पिटल के बाहर रामकृष्ण पुत्र मोतीलाल निवासी डीहा चायल थाना पिपरी की बाइक खड़ी थी आधी रात को बाइक को चोर बाइक उठा ले गए हैं काफी खोजबीन के बाद बाइक का पता नहीं लगा है रामकृष्ण ने थाना पुलिस को तहरीर दे कर घटना की जानकारी दी है।

### फरियादियों की समस्याओं को एसपी ने सुना

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा पुलिस कार्यालय में शुक्रवार को जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को एसपी द्वारा सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

### 4 जुआरियो को पुलिस ने दबोचा

**कौशाम्बी** सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 04 अभियुक्तों को महेवाघाट थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है विधिक कार्यवाही के पश्चात थाना पुलिस ने जुआरियो का चालान न्यायालय कर दिया है पकड़े गए जुआरियो में नंदलाल फिरोज गनी बारूद सुलेख शामिल बताए जाते हैं जिनके कब्जे से ताश की गड्डी और नगद रुपए पुलिस ने बरामद किए हैं हार जीत की बाजी लगाकर लंबे समय से यह जुआरी जुआ खेलने में मशगूल थे।

## न्यूज झरोखा

### खड़ी ट्रक से भिड़ी तेज रफ्तार ट्रक,ट्रक चालक घायल

वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद हाइवे पर लगा जाम



**कोखराज कौशाम्बी।** जिले के कोखराज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर देखने को फिर मिला है,जहा खड़ी ट्रक में एक तेज रफ्तार ट्रक पीछे से जाकर भिड़ गई,टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया,जिसमे दबकर ट्रक चालक गंभीर घायल हो गया,हादसे के बाद हाइवे पर जमा लग गया,घटना की सूचना पर पहुंची कोखराज थाना पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा और जाम को खुलवाने में जुट गई है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे में जनता ढाबा के सामने एक ट्रक खड़ी थी,तभी एक तेज रफ्तार ट्रक आई और पीछे से भिड़ गई,टक्कर के बाद ट्रक चालक बुरी तरह से उसमे फस गया,घटना की सूचना पर पहुंची कोखराज थाना पुलिस ने घायल को इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल भेजा और हाइवे पर लगे हुए जाम को खुलवाने में जुट गई है।

### अटेवा नेवादा ब्लॉक कार्यकरणी सदस्यों का हुआ गठन




**कौशाम्बी।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच कौशांबी उत्तर प्रदेश पुरानी पेंशन बहाली हेतु कौशांबी जनपद के ब्लॉक नेवादा में जिला संयोजक कुशल सिंह के नेतृत्व में दिनांक 01 सितम्बर को जिला महामंत्री सतीश चंद्र शर्मा एवं जिला सहसंयोजक नयन सिंह जिला कोषाध्यक्ष धीरज सिंह जिला संगठन मंत्री विनोद कुमार यादव एव इकबाल अली जिला मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव के द्वारा अटेवा की उपलब्धियां को बताते हुए तथा आशीष कुमार सिंह(आई टी सेल प्रभारी) के द्वारा सोसल मीडिया की उपयोगिता बताई गई सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों को आवाहन किया गया कि 1 अक्टूबर 2023 को दिल्ली के रामलीला मैदान में पुरानी पेंशन बहाली हेतु विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में दिल्ली पहुंचने की कार्य योजना बनाते हुए अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की गई साथ ही ब्लाक कार्यकारिणी नेवादा का गठन बीआरसी में किया गया जिसमें उपस्थित साथियों ने सहमति जताते हुए टीम को सहमति प्रदान की जिसमें अंशुमान सिंह ब्लॉक अध्यक्ष एवं महिला ब्लॉक अध्यक्ष मंजू जायसवाल एवं ऋषि दिवाकर महामंत्री,जय प्रकाश पांडेय कोषाध्यक्ष, दीपक चौबे,शुभम कुमार शर्मा,और सत्य प्रकाश उपाध्यक्ष,महेंद्र सिंह यादव मंगल सिंह ब्रजेश कुमार मंत्री, रमा शंकर गुप्ता सुशील कुमार अनुराग तिवारी संगठन मंत्री मीडिया प्रभारी मंदीप सिंह और ब्लॉक कार्यकारणी के संरक्षक के रूप विकास सिंह को पद की जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारणी गठन के दौरान अवधेश कुमार उपेंद्र सिंह दिनेश कुमार सचिन सिंह सहित सैकड़ों शिक्षक एव कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वारंटी को चरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** चरवा थाना पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त समर्थी लाल पुत्र शुकरु लाल निवासी समसपुर थाना चरवा को गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही के पश्चात वारंटी को थाना पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है

# मेरा माटी मेरा देश अमर शहीदों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि : अनीता त्रिपाठी

## जिलाध्यक्ष ने रखा तैयारियों को लेकर लेखा जोखा

अखंड भारत संदेश






**कौशाम्बी।** भारत देश को सही रूप में भारत बनाने वाले देश के अमर शहीदों को आज पूरा भारत सच्ची श्रद्धांजलि देते हुए अपनी कृतज्ञता प्रकट कर रहा है। मेरी माटी, मेरा देश का कार्यक्रम पूरे देश में अपने देश के शहीदों को श्रद्धांजलि देने का एक बड़ा अवसर है। जो प्रत्येक गांव से निकाल कर देश की राजधानी तक शहीदों को याद करने का मौका देता है। उक्त बातें कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही जिला अध्यक्ष अनीता त्रिपाठी ने जिला योजना की बैठक में कार्यक्रमों को रखते हुए कहीं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में मनाया जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव में हम सभी 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा जिले में सफलतापूर्वक संपन्न कराई है। मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत 8 सितंबर से 13 सितंबर तक कार्यक्रम होने हैं जो की ग्राम सभा वार्डो में रहेंगे इसके साथ 3 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक ब्लॉक एवं नगर स्तर तक मेरा माटी मेरा देश के कार्यक्रम संपन्न होंगे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में जिला स्तर से लेकर ग्राम सभा स्तर के जिम्मेदार कार्यकताओं को लगाया जाएगा। जिसमें सभी कार्यकताओं का आवाहन करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता जी जान से मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम में जुड़ जाए क्योंकि यह कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री से सीधे जुड़ा हुआ है। जिला अध्यक्ष ने कार्यक्रम में एनसीसी स्काउट युवा महिला किसान व्यापारी अधिवक्ता शिक्षक जैसे अलग-अलग वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित कराए जाने की बात भी कही उन्होंने कहा कि शहीदों का सम्मान करने के लिए अमृत कलश निकला जाएगा इन कलशो को प्रदेश में भेजना होगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक संजय गुप्ता अरविंद द्विवेदी, दिनेश पांडे, जय प्रकाश विश्वकर्मा, वेद प्रकाश सत्यार्थी, नितिन पासी, दीपचंद्, कमल कुशवाहा, राकेश पाण्डेय, भोला यादव रिंकू मौर्य ओम नारायण शुक्ला, महेश लोधी, दिलीप अग्रहरी, ब्रह्म प्रकाश त्रिपाठी, बबलू श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बेखौफ तरीके से सड़कों पर दौड़ रही है काली फिल्म लगी काली थार

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से सरकार ने काली फिल्म लगे वाहनों के पंजीकरण करने पर पूर्ण रोक लगा दी है लेकिन उसके बाद भी एआरटीओ कार्यालय द्वारा काली फिल्म लगे वाहनों का पंजीकरण किया जा रहा है जिससे परिवहन विभाग कार्यालय पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं मंझनपुर चौराहे के आसपास काली फिल्म लगे वाहन आए दिन सड़को पर फरार्टा भरते देखे जाते हैं। सरकार का मानना है की काली फिल्म लगे वाहनों से अपराध अधिक होते हैं और वाहन के अंदर बैठे लोगों की गतिविधियों की जानकारी बाहर से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को नहीं हो पाती है जिससे काली फिल्म लगे वाहनों के सड़कों पर संचालन पर पूरी तरह से रोक लगाई गई है पूरे दिन यातायात पुलिस वाहनों की चेकिंग करती है वाहवाही लूटती है लेकिन काली फिल्म लगी एक भी थार वाहन पर कार्रवाई नहीं हो सकी है जिले में इन दिनों लगभग एक दर्जन काली फिल्म लगी थार वाहन बेखौफ तरीके से दौड़ रहे हैं कुछ वाहनों में तो हल्के कलर के काली फिल्म लगी है हल्की काली फिल्म लगे वाहन के अंदर का नजारा बाहर से हल्का दिखाई देता है लेकिन कई काली थार वाहनों में पूरी तरह से काली फिल्म लगाई गई है जिससे अंदर का नजारा बाहर से कुछ भी नहीं दिखाई पड़ता है मंहगांव मूरतगंज मंझनपुर के आसपास काली फिल्म लगी काली थार आए दिन देखी जाती है जो लोगों के बीच चर्चा का विषय है थाना पुलिस यातायात पुलिस और एआरटीओ विभाग द्वारा काली फिल्म लगी थार वाहनों पर कार्यवाही न किए जाने से बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं सरकार के नियम के विपरीत वाहनों का रजिस्ट्रेशन किए जाने के बाद ए आरटीओ कार्यालय पर तमाम सवाल खड़े हो गए हैं वही काली फिल्म लगे वाहनों से में क्या गतिविधियां संचालित हो रहे हैं यह भी जांच का विषय है लेकिन अभी तक संबंधित अफसरो ने इस और ध्यान नहीं दिया है लोगों ने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए नियम के अंदर वाहनों का संचालन कराए जाने की मांग की है।

# जनपद कौशाम्बी लगातार दूसरे माह भी सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान पर

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार के कुशल मार्ग निर्देशन तथा मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद कौशांबी ने माह - जून एवं जुलाई 2023 की जारी सी0 एम0 डैशबोर्ड रैंकिंग में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। यह जानकारी जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्री अजीत प्रताप सिंह ने देते हुए बताया कि जनपद में पशुपालन, शिक्षा, ऊर्जा (दोषपूर्ण ट्रांसफार्मर शिकायत) कृषि, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (एम्बुलेंस 102), ऊर्जा( दैनिक बिजली की आपूर्ति), दिव्यांग पेंशन, आईटी एवं इलेक्ट्रानिक्स, पर्यावरण, ऊर्जा( निर्माण कार्य), तकनीकि शिक्षा, सहकारी, ग्रामीण विकास, मत्स्य, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार, समाज कल्याण, शहरी विकास एवं गरीबी उन्मूलन, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य (निर्माण कार्य) तथा खेल (निर्माण कार्य) आदि कुल 17 विभागों की 20 योजनाओं ने 10 में से 10 अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार विभिन्न विभागों की 08 योजनाओं ने 10 में से 08 अंक प्राप्त किया। 05 योजनाओं ने 10 में से 06 अंक प्राप्त किया। 04 योजनाओं ने 10 में से 04 अंक प्राप्त किया। 11 योजनओं ने 10 में से 02 अंक प्राप्त किया। जिलाधिकारी ने 10 में से 10 से कम अंक प्राप्त करने वाली योजनाओं के सम्बन्धित अधिकारियों को तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिए है। बतादें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में दिनांक 30 जुलाई, 2023 को लाल बहादुर शास्त्री भवन में मुख्यमंत्री कमांड सेंटर और सीएम डैशबोर्ड का उद्घाटन किया था।उत्तर प्रदेश में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से फीडबैक प्राप्त करने के लिए डैशबोर्ड और कमांड सेंटर का उद्घाटन किया गया है।

# चायल क्षेत्र में फैल रहा है जहरीले दूध का कारोबार!

अखंड भारत संदेश




**नेवादा कौशाम्बी।** जिले में दूध की कमी होने के बाद बाहर जनपद के लोग बड़ी तादाद में यहां से दूध खरीद कर गैर जनपदों की फैक्ट्री में भेज रहे हैं जिन पर रोक लगाई जाने की मांग जिले के लोगों ने शासन प्रशासन से की है चायल क्षेत्र मे इन दिनो दूध के कारोबारियों ने जमकर मिलावट खोरी कर दूध तैयार कर रहे हैं केमिकल उर्वरक रिफाइन्ड लिक्विड केमिकल सोडा इत्यादि मिलाकर जहरीला दूध जनता को परोसा जाता है और खाद्य विभाग आंख मूदकर तमाशा देख रहा है। जबकि खाने पीने की वस्तुओं की गुणवत्ता शुद्धता बरकरार रखने के लिए सरकार ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी है लेकिन अपनी जिम्मेदारी से खाद्य विभाग के अधिकारी दूर भागते दिख रहे हैं खाने पीने के सामानों में मिलावट खोरी का खेल बेखौफ तरीके से हो रहा है होटल ढाबा मिठाई की दुकानों से लेकर जगह-जगह पर खाने पीने के सामानों में मिलावट खोरी के मामले तेजी से बढ़े हैं हालांकि सरकारी अभिलेखों में इन मामलों को दर्ज करने की बजाय फूड विभाग के अधिकारी सिस्टम के तहत काम कर मिलावटखोरों को राहत दे रहे हैं जिले में दूध का काला कारोबार तेजी से फैल रहा है जहरीले दूध की बिक्री बेखौफ तरीके से हो रही है जहरीले दूध पीकर गरीब से अमीर तक चपरासी से अफसर नेता तक गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं फैटी लीवर किडनी हार्ट अटैक लकवा ब्लड प्रेशर ब्लड कैंसर पाचन संबंधी रोग सहित जैसे विभिन्न गंभीर बीमारियों से आम जनमानस बीमार हो रहा है अस्पतालों में बढ़ते मरीजों की संख्या इसका प्रमाण है लेकिन जहरीले दूध के काले कारोबार पर रोक लगाते फूड विभाग के अधिकारी दिखाई नहीं पड़ रहे है जो जांच का विषय है। इतना ही नहीं दूध के काले कारोबार में मशीन लगाकर दूध की पौष्टिकता क्रीम को निकाला जा रहा है जिससे बाजार में बिकने वाले दूध की पौष्टिकता खत्म हो जाती है लेकिन आम जनमानस जहरीले दूध और बेहतर दूध में फर्क नहीं समझ पाते और अज्ञानता के चलते आम जनमानस जहरीला दूध पीने को विवश है हालांकि जहरीले दूध के काले कारोबार में लगे लोगों से साठगाँठ करके खाद्य विभाग के अधिकारी मोटे जरूर हो गए हैं।

# गली बनी नाला कीचड़ से गुजरने को मजबूर ग्रामीण



अखंड भारत संदेश

**करारी कौशांबी।** मंझनपुर विकास खंड क्षेत्र के मोअज्जम पुर गांव में पिंटू पुत्र मेवा लाल के घर से सियाराम के घर तक की गली पूरी तरह से नाला बन गई है पूरी गली में पूरे वर्ष कीचड़ और नाली का गंदा पानी भरा रहता है बरसात के दिनों में इस गली की हालत और बढ़तार हो जाती है इसी रास्ते से स्कूली छात्र छात्राओं को आना जाना है गली में कीचड़ होने से आए दिन स्कूली बच्चों के कपड़े भी गंदे हो जाते हैं हम जनता का इस गली में निकलना मुश्किल है ग्रामीणों का कहना है कि कभी डीएम कमिश्नर भी इस गली में घूम कर हकीकत से रूबरू हो जाए तो ग्राम प्रधान और खंड विकास कार्यालय के विकास योजनाओं की हकीकत खुलकर उनके सामने आ जाएगी ग्राम प्रधान से ग्रामीण कई बार इस सड़क को ठीक करने की मांग कर चुके है लेकिन ग्राम प्रधान केवल बहाने बाजी कर रहा है ग्रामीणों को माने तो इस नाला बनी गली सड़क निर्माण में ग्राम प्रधान ही सबसे बड़ा बाधक है और ग्रामीणों की मांग के बाद अधिकारियों को गुमराह करके गली की दुर्दशा को बहाल रखना चाहता है जिससे यह गली की दुर्दशा ठीक नहीं हो सकी है ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सीसी रोड नाली निर्माण आदि कार्यों में बड़ी धांधली हुई है प्रधान का भ्रष्टाचार से गहरा लगाव है और आला अधिकारियों ने यदि गांव में कराया गया विकास कार्यों की जांच कराई तो प्रधान के बड़े कारखाने उजागर होंगे गांव के संजीत विनोद दिलीप कामता जितेंद्र सुनील सियाराम कुलदीप राम केश मुन्नू लाल कमलेश सहित गांव के तमाम लोगों ने थाना समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर गली की गंदगी को दूर कराए जाने और प्रधान के कारनामों की जांच कर कर उसे दंडित किए जाने की मांग की है।

### मौत की दावत दे रहा है सड़क किनारे लगा ट्रांसफार्मर



**तिल्हापुर मोड़ कौशांबी।** जिले के चायल तहसील अन्तर्गत पेरवा पावर हाउस के तिल्हापुर मोड़ पर नेवादा रोड में सड़क के किनारे लगे 250 केवीए के ट्रांसफार्मर को जाली लगाकर घेराबंदी नहीं की गई है आवागमन अधिक होने से कभी भी ट्रांसफार्मर के विद्युत करंट से बड़ी दुर्घटना हो सकती है लेकिन उसके बाद भी बिजली विभाग के अधिकारी लापरवाह बने हुए हैं जिससे आए दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है लोगों के अंदर दहशत और भय का माहौल है क्षेत्र के लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट करते हुए ट्रांसफार्मर को चारों तरफ से कवर्ड करने या अन्यत्र लगाए जाने की मांग की है।

### कल्याणपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 2 के ओवर ब्रिज में लगी लाइट बंद



**कल्याणपुर कौशांबी।** तहसील सिराथू के राष्ट्रीय राजमार्ग 2 कल्याणपुर में ओवर ब्रिज में लगी लाइटें जिस दिन टेस्टिंग हुई है उसी दिन के बाद आज तक नही जली,जब की राष्ट्रीय राजमार्ग 2 के सभी ओवर ब्रिज की लाइटें रोजाना शाम होते ही जल जाती है लेकिन कल्याणपुर में रक्षा बंधन जैसे राष्ट्रीय त्यौहार में अंधेरा ही अंधेरा है।कही न कही राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के मनमानी रवैया से कल्याणपुर बाजार वासियों में काफी रोष है।

### राज्य पुरस्कार के लिए शालिनी कुशवाहा का हुआ चयन, 05 सितंबर को होंगी सम्मानित

**कौशाम्बी।** जिले के चायल ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय रसूलाबाद की शिक्षिका शालिनी कुशवाहा का चयन राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए किया गया है अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने पूरे प्रदेश की सूची जारी कर इसकी सूचना दी है।05 सितंबर यानी शिक्षक दिवस पर शालिनी कुशवाहा को सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. कमलेंद्र कुशवाहा व ब्लॉक के प्रभारी खण्ड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव सहित जनपद के शिक्षकों ने शालिनी कुशवाहा को बधाइयाँ दी शालिनी कुशवाहा मूल रूप से प्रयागराज जनपद की रहने वाली हैं व कौशाम्बी में बतौर सहायक अध्यापिका के पद पर कम्पोजिट विद्यालय रसूलाबाद में 18 अप्रैल 2018 से अपने नवाचार के जरिये छात्रों का भविष्य संवार रही हैं शालिनी कुशवाहा की बेसिक शिक्षा विभाग में पहली नियुक्ति 07 नवम्बर 2015 में चायल के प्राथमिक विद्यालय शाहीपर में हुई थी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. कमलेंद्र कुशवाहा ने बताया कि शासन की ओर से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को चयन समिति की ओर से आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर चयन किया गया है। इसमें शिक्षकों के नवाचार से लेकर सभी पक्षों का मूल्यांकन करते हुए चयन समिति ने जनपद की शिक्षिका शालिनी कुशवाहा ने नाम पर संस्तुति की है।

# सत्यापन विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर की मनमानी से किसानों की भूमि का नहीं हो रहा सत्यापन

पूरी व्यवस्था पर भारी पड़ा कंप्यूटर ऑपरेटर सरकारी धान खरीद केंद्रों में किसान कैसे बेचेंगे अपनी धान की उपज




**कौशाम्बी।** सरकारी धान खरीद केंद्रों में धान बिक्री के पूर्व किसानों के पंजीकरण की पूरी व्यवस्था पर कंप्यूटर ऑपरेटर भारी पड़ गया है कंप्यूटर ऑपरेटर के मनमानी के आगे धान खरीद अधिकारी से लेकर विभागीय अधिकारी बेबस दिखाई पड़ रहे हैं जिससे किसानों के सामने मुसीबत खड़ी हो गई है किसानों की उपज बेचने के पूर्व उनके खतौनी की फीडिंग ऑनलाइन होती है ऑनलाइन फीडिंग की तारीख विभाग द्वारा 31 अगस्त निर्धारित की गई थी तमाम किसानों ने धान बिक्री के लिए ऑनलाइन फीडिंग कराई है 15 दिनों से अभिलेखों के सत्यापन के इंतजार में किसान पड़े हैं लेकिन कंप्यूटर ऑपरेटर मनमानी पर उतारू है उसका कहना है कि पोर्टल से ओटीपी नहीं आ रही है जबकि इसी बीच में तमाम किसानों से लेनदेन कर उनके अभिलेखों को सत्यापित कर दिया गया है लेकिन तमाम किसानों के भूमि का सत्यापन करने में संबंधित तहसील के कंप्यूटर फीडिंग ऑपरेटर मनमानी पर उतारू है बिना रकम लिए किसानों की भूमि का सत्यापन फीडिंग वह नहीं कर रहा हैं जिन किसानों ने कंप्यूटर ऑपरेटर की डिमांड पूरी कर दी है उनकी भूमि के सत्यापन फीडिंग हो गयी हैं और जिन किसानों ने कंप्यूटर ऑपरेटर की डिमांड पूर्ण करने में आना कानी की है उनके भूमि के अभिलेखों को सत्यापन करने में फीडिंग करने के लिए तमाम ड्रामेबाजी कंप्यूटर ऑपरेटर कर रहा है दो सप्ताह से अधिक बीत जाने के बाद भी तमाम किसानों की भूमि का सत्यापन के लिए फीडिंग नहीं कर सकें हैं जिससे तमाम किसान पीड़ित है सवाल उठता है कि धान बिक्री के लिए रजिस्ट्रेशन करने का समय बीत गया है अभी तक उनके अभिलेखों का सत्यापन नहीं हुआ है यदि सत्यापन निरस्त हो गया तो सरकारी धान खरीद केदो में किसान धान कैसे बचेंगे किसानों के सामने यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है लेकिन सत्यापन के नाम पर वसूली करने वाले कंप्यूटर ऑपरेटर पर आखिर अंकुश कौन लगाएगा जिससे किसानों को राहत मिल सके विभागीय अफसर से लेकर खरीद से जुड़े अफसर कंप्यूटर ऑपरेटर पर अंकुश लगाने में सफल होते नहीं दिख रहे हैं जिससे किसानों की चिंता बढ़ जाना स्वाभाविक है।

## संपादक की कलम से

# आपातकालीन खाद्यान्न आपूर्ति के लिए भारत की ओर देख रहे हैं बांग्लादेश और नेपाल

**आशीष विश्वास**

**भारत** ने हमेशा की तरह, अपने पड़ोसियों की जरूरत की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने की प्रतिबद्धता दोहराई। हालिया वार्ता के बाद बांग्लादेश ने पहले ही भारत से आवश्यकताओं की एक संशोधित सूची जमा कर दी है। लेकिन नेपाल के साथ-साथ उसे अभी भी भारत पर भरोसा है कि वह प्रमुख रूप से उसकी मदद करेगा। भारत और बांग्लादेश दोनों अगले साल की शुरूआत में आम चुनाव कराने की तैयारी कर रहे हैं, परन्तु संबंधित अधिकारियों को प्रभावी खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला बनाये रखने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में बेहद कठिनाई हो रही है। नेपाल आने वाले त्यौहार के मौसम में बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए भारत से बड़ी मात्रा में चावल, गेहूं और धान बेचने का आग्रह कर रहा है, और उम्मीद की जा रही है कि दिल्ली एक विशेष उपाय के रूप में खाद्यान्न निर्यात पर अपने वर्तमान प्रतिबंध में ढील देगी। नेपाली प्रशासन, जिसने हाल ही में फसल की कीमतों को स्थिर करने या कम करने में भारत की मदद करने के लिए टमाटर की पर्याप्त मात्रा बेची है, ऐसे समय जब देश के अधिकांश राज्यों में 140 - 200 रुपये के बीच था, उम्मीद की जा रही है कि भारत भी उसके लिए कुछ करेगा। खाद्य पदार्थों के साथ-साथ ईंधन की बढ़ती कीमतें, मौजूदा मुद्रास्फीति के रुझान में योगदान दे रही हैं, जो अभी भी भारत के क्षेत्रीय पड़ोसियों के बीच प्रमुख चिंता बनी हुई है। अत्यधिक गर्मी और अनियमित तथा घटती बारिश के साथ वैश्विक तापमान वृद्धि के विनाशकारी प्रभावों ने अधिकांश स्थानों में फसल उत्पादन को प्रभावित किया है। यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया भर में खाद्य आपूर्ति श्रृंखला पहले ही बाधित हो चुकी है, जिसके जल्द खत्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं। भारत से प्रमुख अनाज और संबंधित आयात के बिना, नेपाल और बांग्लादेश को पहले से ही ऊंची कीमतों के और बढ़ने की गंभीर संभावना का सामना करना पड़ रहा है, जिससे बड़े पैमाने पर मुद्रास्फीति बढ़ेगी। बांग्लादेश लघु और मध्यम अवधि के लिए चावल और गेहूं की गारंटीकृत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रूस और म्यांमार के साथ तत्काल बातचीत कर रहा है। ढाका की रिपोर्टों से पता चलता है कि देश की मौजूदा स्टॉक स्थिति स्वस्थ है। लेकिन 2024 की शुरूआत में, जब चुनाव होंगे, मौजूदा भंडार खत्म हो जायेगा। रूस और म्यांमार दोनों ने बिक्री मूल्यों का उल्लेख किया है जो बांग्लादेश को बहुत अधिक लगता है। यह भी निश्चित नहीं है कि म्यांमार ढाका की अनाज मांगों को पूरी तरह से पूरा कर सकता है। दुनिया भर में व्याप्त कठिन आर्थिक स्थिति को देखते हुए, यह स्पष्ट है कि अधिक बातचीत की आवश्यकता होगी और नीति निमार्ताओं के लिए आगे कुछ कठोर सौदेबाजी करना बुद्धिमानी होगी, जिसमें बेचने वाले देश अपने लाभप्रद स्थिति का आनंद ले रहे हैं। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि नेपाल के साथ-साथ बांग्लादेश भी एक कठिन परिस्थिति में बड़ी मदद के लिए भारत पर भरोसा कर रहा है। इन देशों के बीच अच्छे पड़ोसी संबंध एक निश्चित लाभ हैं। श्रीलंका और चीन के साथ, बांग्लादेश और नेपाल सामान्य समय में भारत में उत्पादित चावल के नियमित आयातक रहे हैं। उदाहरण के लिए, नेपाल ने 2021 में 1.4 मिलियन टन भारतीय चावल का आयात किया, जिसकी लागत 473 मिलियन डॉलर से अधिक थी। बांग्लादेश ने 2022 में अपने कुल चावल आयात का 37 प्रतिशत भारत से खरीदा, और 2.81 मिलियन डालर से अधिक खर्च किया।

# एक देश एक चुनाव की सुगबुगाहट !

**अशोक भाटिया**



**केंद्र की** नरेंद्र मोदी सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए संसद का विशेष सत्र बुलाया है। केंद्र के संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया है कि संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक चलेगा। इसमें 5 बैठकें होंगी। यह 17वीं लोकसभा का 13वां सत्र और राज्यसभा का 261 वां सत्र होगा। उन्होंने कहा है कि अमृत काल के बीच संसद के विशेष सत्र में सार्थक चर्चा और बहस की उम्मीद है। यह दिलचस्प है कि इस सत्र का ऐलान ऐसे समय में हुआ है जब विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक मुंबई में होने जा रही है। इसी बीच यह सुगबुगाहट जरूर है कि इस दौरान सरकार एक देश-एक चुनाव बिल ला सकती है, अगर ऐसा होता है तो यह बड़ा कदम होगा। इस समय पक्ष हो या विपक्ष दोनों में सुगबुगाहट है कि विशेष सत्र का मुख्य विषय यही है । इसी बीच केंद्र सरकार ने एक देश एक चुनाव ने एक कमिटी का भी गठन कर दिया है ।यह कमिटी पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कि अध्यक्षता में गठित की गई है जिसके सदस्यों का भी जल्द ऐलान हो सकता है । इससे भी इस सुगबुगाहट को बल मिलता दिखाई दे रहा है । सबसे ज़्यादा चर्चा हो रही है इस बिल की टाइमिंग को लेकर। दरअसल, इस साल के आखिर में ही राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में कयास लगाए जाने लगे कि क्या केंद्र सरकार पहले आम चुनाव करा सकती है। इस बात की चर्चा सियासी गलियारों में जोरों पर उठी कि मोदी सरकार इस बार दिसंबर में ही आम चुनाव करा सकती है। इसे बल तब मिला, जब पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने भी इस पर बात की। दरअसल यह नया मुद्दा नहीं है । इसकी चर्चा सन 2019 से हो रही है जब 19 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई थी । इसके बाद एक बार फिर यह मुद्दा सतह पर आ गया, जो प्रधानमंत्री के एजेंडे में अहम माना जाता है। यह भी पहला अवसर नहीं था जब एक देश-एक चुनाव के मुद्दे पर चर्चा हुई थी । विगत में विभिन्न अवसरों पर विभिन्न मंचों में यह मुद्दा चर्चा का विषय बनता रहा है। एक देश एक चुनाव के विचार के तहत देश में चुनाव चक्र को इस तरह से संरचित करने का प्रस्ताव है, जिसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाएंगे।

वैसे देखा जाय तो इस मुद्दे पर चुनाव आयोग, नीति आयोग, विधि आयोग और संविधान समीक्षा आयोग विचार कर चुके हैं। एक देश-एक चुनाव लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं का चुनाव एक साथ करवाने का एक वैचारिक उपक्रम है। देश में इनके अलावा पंचायत और नगरपालिकाओं के चुनाव भी होते हैं, लेकिन एक देश-एक चुनाव की प्रक्रिया में इन्हें शामिल नहीं किया जाता।

बेशक यह मुद्दा आज बहस के केंद्र में है, लेकिन विगत में 1952, 1957, 1962, 1967 में ऐसा हो चुका है, जब लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव साथ-साथ करवाए गए थे। यह क्रम तब टूटा जब वर्ष 1968-69 में कुछ राज्यों की विधानसभाएँ विभिन्न कारणों से समय से पहले भंग कर दी गईं। वर्ष 1971 में पहली बार लोकसभा चुनाव भी समय से पहले हो गए थे। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि जब इस प्रकार चुनाव पहले भी करवाए जा चुके हैं तो अब क्या समस्या है? चुनावों को लोकतंत्र का सबसे बड़ा उत्सव माना जाता है। अगर हम देश में होने वाले चुनावों पर नजर डालें तो पाते हैं कि हर वर्ष किसी-न-किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। चुनावों की इस निरंतरता के कारण देश लगातार चुनावी मोड में बना रहता है। इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं बल्कि देश के खजाने पर भी भारी बोझ भी पड़ता है। हाल ही में हुए 17वीं लोकसभा के चुनाव में एक अनुमान के अनुसार, 60 हजार करोड़ रुपए से अधिक का खर्च आया और लगभग तीन महीने तक देश चुनावी मोड में रहा।

निश्चित ही ऐसी परिस्थितियों में एक देश-एक चुनाव विचार पहली नजर में अच्छा प्रतीत होता है, पर यह व्यावहारिक है या नहीं, इस पर विशेषज्ञों की अलग-अलग राय है। बेशक बार-बार होने वाले चुनावों के बजाय एक स्थायित्व वाली सरकार बेहतर होती है, लेकिन इसके लिये सबसे जरूरी है आम सहमति का होना और यह कार्य बेहद मुश्किल है। राजनीतिक सर्वसम्मति के अभाव में संविधान में आवश्यक संशोधन करना संभव नहीं होगा, क्योंकि इसके लिये दो-तिहाई बहुमत की जरूरत पड़ेगी, जो कि बिना आम सहमति के नहीं किया जा सकता। कुछ लोगों का मानना है कि एक देश-एक चुनाव के सिद्धांत को अमल में लाकर चुनाव के खर्च, पार्टी के खर्च आदि पर नजर तथा नियंत्रण रखने में सहूलियत होगी।

जब वर्ष 1951-52 में लोकसभा का पहला चुनाव हुआ था तो 53 दलों ने चुनाव में भागीदारी की थी, 1874 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था और चुनाव खर्च लगभग 11 करोड़ रुपए आया था। अब इसकी तुलना हाल ही में संपन्न 17वीं लोकसभा के चुनाव से करते हैं।610 राजनीतिक दल थे और लगभग 9000 उम्मीदवार। लेकिन इन पर लगभग 60 हजार करोड़ रुपए (सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज का अनुमान) खर्च हुए । 7 चरणों में 75 दिनों में संपन्न हुए इस आम चुनाव को अब तक का सबसे खचीर्ला चुनाव बताया जा रहा है। इस लिहाज से एक वोट पर औसतन 700 रुपए खर्च किये गए और हर लोकसभा क्षेत्र में 100 करोड़ रुपयए खर्च हुए। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में लगभग 30 हजार करोड़ रुपए का खर्च आया था, जो मात्र पाँच वर्षों में बढ़कर दोगुना हो गया। बताया जाता है कि एक देश-एक चुनाव से सार्वजनिक धन की बचत होगी, प्रशासनिक सेटअप और सुरक्षा बलों पर भार कम होगा, सरकार की नीतियों का समय पर कार्यान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा और यह भी सुनिश्चित होगा कि प्रशासनिक मशीनरी चुनावी गतिविधियों में संलग्न रहने के बजाय विकासात्मक गतिविधियों में लगी रहे।मतदाता सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को राज्य और केंद्रीय दोनों स्तरों पर परख सकेंगे। इसके अलावा, मतदाताओं के लिये यह तय करने में आसानी होगी कि किस राजनीतिक दल ने क्या वादे किये थे और वह उन पर कितना खरा उतरा।सत्ता चला रहे राजनीतिज्ञों के लिये यह देखना भी जरूरी है कि बार-बार चुनाव होते रहने से शासन-प्रशासन में जो व्यवधान आ जाते हैं, उनको दूर किया जाए। प्रायः यह देखा जाता है कि किसी विशेष विधानसभा चुनाव में अल्पकालिक राजनीतिक लाभ उठाने के लिये सत्तारूढ़ राजनेता ऐसे कठोर दीर्घकालिक निर्णय लेने से बचते हैं, जो अंततः देश को लंबे समय में मदद कर सकता है।पाँच साल में एक बार चुनाव कराने से सभी हितधारकों यानी राजनीतिक दलों, निर्वाचन आयोग, अर्द्धसैनिक बलों, नागरिकों को इसकी तैयारी के लिये अधिक समय मिल सकता है।

एक देश-एक चुनाव के समक्ष प्रमुख चुनौतियाँ भी है जैसे इसकी राह में सबसे बड़ी चुनौती लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को समन्वित करने की है, ताकि दोनों का चुनाव निश्चित समय के भीतर हो सके।राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को लोकसभा के साथ समन्वित करने के लिये राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को तदनुसार घटाया और बढ़ाया जा सकता है, लेकिन इसके लिये कुछ संवैधानिक संशोधनों की आवश्यकता होगी:अनुच्छेद 83: इसमें कहा गया है कि लोकसभा का कार्यकाल उसकी पहली बैठक की तिथि से पाँच वर्ष का होगा।अनुच्छेद 85: यह राष्ट्रपति को लोकसभा भंग करने का अधिकार देता है।अनुच्छेद 172: इसमें कहा गया है कि विधानसभा का कार्यकाल उसकी पहली बैठक की तिथि से पाँच वर्ष का होगा।अनुच्छेद 174: यह राज्य के राज्यपाल को विधानसभा भंग करने का अधिकार देता है।अनुच्छेद 356: यह केंद्र सरकार को राज्य में संवैधानिक मशीनरी की विफलता के मद्देनजर राष्ट्रपति शासन लगाने का अधिकार देता है।इनके अलावा जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के साथ-साथ संबंधित संसदीय प्रक्रिया में भी संशोधन करना होगा।एक देश-एक चुनाव के लिये सभी राजनीतिक दलों को राजी करना आसान काम नहीं है। कुछ राजनीतिक विशेषज्ञों का यह मानना है कि एक देश-एक चुनाव की आवधारणा देश के संघात्मक ढाँचे के विपरीत सिद्ध हो सकती है।इसके अतिरिक्त चुनाव में बड़ी मात्रा में खर्च होने वाला धन भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले कारणों में सबसे ऊपर है। ऐसे में चुनाव की बारंबारता में रोक भ्रष्टाचार के खिलाफ एक मजबूत कदम साबित हो सकता है। यह सही है कि एक साथ चुनाव कराने से सरकारी राजस्व और समय की बचत होगी तथा नीति निर्णयन प्रक्रिया प्रभावित नहीं होगी। प्रायः देखा जाता है कि जब चुनाव का समय नजदीक आता है तो मंत्रियों सहित पूरा सरकारी अमला बेहद व्यस्त हो जाता है, इसके साथ ही चुनाव आचार संहिता लागू होने से विकास कार्य भी ठप पड़ जाते हैं। लेकिन इसमें कोई दो राय नहीं कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत हर समय चुनावी चक्रव्यूह में घिरा हुआ नजर आता है। देश को चुनावों के इस चक्रव्यूह से देश को निकालने के लिये एक व्यापक चुनाव सुधार अभियान चलाने की आवश्यकता है। इसके तहत जनप्रतिनिधित्व कानून में सुधार, कालेधन पर रोक, राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण पर रोक, लोगों में राजनीतिक जागरूकता पैदा करना शामिल है। एक देश-एक चुनाव की अवधारणा में कोई बड़ी खामी नहीं है, किंतु राजनीतिक दलों द्वारा जिस तरह से इसका विरोध किया जा रहा है उससे लगता है कि इसे निकट भविष्य में लागू कर पाना संभव नहीं है।

लंबी कवायद के बाद दो वर्ष पहले देश में ऋश्ळ लागू हुआ था और कमोबेश ठीक-ठाक काम भी कर रहा है। एक देश-एक चुनाव के समर्थक तर्क देते हैं कि जब एक देश-एक टैक्स लागू किया जा सकता है तो एक देश-एक चुनाव के विचार को भी आगे बढ़ाया जा सकता है। लेकिन इसके लिये यह आम सहमति बनाने की जरूरत है कि क्या राष्ट्र को एक देश-एक चुनाव की जरूरत है या नहीं।

सभी राजनीतिक दलों को इस मुद्दे पर होने वाली बहसों में सहयोग करना चाहिये, इसके बाद ही जनता की राय को ध्यान में रखा जा सकता है। एक परिपक्व लोकतंत्र होने के नाते भारत इसके बाद लिये गए किसी भी फैसले पर अमल कर सकता है।

# हबीब तनवीर: जो अपने जीते जी गाथा पुरुष बन गए

**जाहिद खान**

**हबीब** तनवीर के हर नाटक में एक मकसद है, जो नाटक के अंदर अंतधार्रा की तरह बहता है। मसलन नाटक 'आगरा बाजार' में भाषा और अदब के जानिब कुलीन और जनवादी नजरियों के बीच कशमकश है, तो 'चरनदास चोर' सत्ता, प्रशासन और व्यवस्था पर सवाल उठाता है। 'हिरमा की अमर कहानी' और स्टीफन ज्वाईग की कहानी पर आधारित 'देख रहे हैं नयन' सियासी नाटक हैं, जो हर दौर में सामायिक रहेंगे।

बीसवीं सदी के चौथे दशक में मुल्क के अंदर तरक्की पसंद तहरीक अपने उरूज पर थी। इप्टा के नाटक अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता और सरोकारों के चलते पूरे मुल्क में मकबूल हो रहे थे। इप्टा से जुड़े हुये अदाकार-निर्देशकों ने हिंदोस्तान में पहली बार लोक नाट्य स्वरूपों को समकालीन सार्थक रूप में प्रस्तुत किया। हबीब तनवीर भी आजादी की जद्दोजहद के उस दौर में इप्टा के अभिन्न हिस्सा थे। एक वक्त तो ऐसा भी आया कि उन्हें इप्टा को पूरी तरह संभालना पड़ा। जन आंदोलन के दौरान साथियों की गिरफ्तारी के बाद, कुछ ऐसे हालात बने कि इप्टा की सारी जिम्मेदारी तनवीर के ऊपर आ गई। साल 1948-50 के बीच उन्होंने नाटक लिखने के साथ-साथ उनका निर्देशन भी किया। अपने आत्मकथ्य 'ए लाईफ इन थियेटर' में हबीब तनवीर लिखते हैं, "दरअसल निर्देशन मुझ पर आरोपित किया गया। वह मेरा चुनाव नहीं था, मेरा चुनाव तो अभिनय था।" मुंबई में प्रगतिशील लेखक संघ के संस्थापक सज्जाद जहीर के घर होने वाली साप्ताहिक बैठकों में हबीब तनवीर नियमित तौर पर जाते थे। इन साहित्यिक बैठकों में तनवीर अपनी पुर–कशिश आवाज में शायरी पढ़ते, जो बहुत पसंद की जाती। उनकी गजलों का पहला सेट जिसमें छह गजलें शामिल थीं, अली सरदार जाफरी द्वारा संपादित उर्दू के मकबूल रिसाले 'नया अदब' में एक साथ शाए हुईं।

1 सितंबर, 1923 में अविभाजित मध्यप्रदेश के रायपुर में जन्मे हबीब अहमद खान की शुरूआती तालीम रायपुर में हुई। शायरी से लगाव के चलते, उन्होंने 'तनवीर' अपना तखल्लुस चुना। नाटक में पूरी तरह उतर जाने के बाद, शायरी तो उनसे काफी पीछे छूट गई। अलबत्ता 'तनवीर' उनके नाम के आगे हमेशा के लिए जुड़ा रहा। नागपुर के मॉरिस कॉलेज से उन्होंने बी.ए. किया। बाद में एम.ए. उर्दू के लिए अलीगढ़ गए और फिल्मों का शौक उन्हें आखिरकार, मुंबई ले आया। मुंबई में पैर जमाने के लिए उन्होंने जमकर संघर्ष किया। कई छोटे-मोटे काम किए। मसलन आकाशवाणी में संगीतात्मक रूपक, पत्र-पत्रिकाओं में फिल्मी समीक्षा, विज्ञापन फिल्मों की स्क्रिप्ट वगैरह लिखीं। तनवीर की जी तोड़ मेहनत जल्द ही रंग लाई। थोड़े ही अरसे के बाद, उन्हें अपनी मंजिल-ए-मकसूद यानी फिल्मों में भी मौका मिल गया। लिहाजा उन्होंने फिल्मों में अदाकारी की और कई फिल्मों के गाने और संवाद भी लिखे। बंबई में फिल्मों और पत्रकारिता में मसरूफियत के बावजूद हबीब तनवीर प्रगतिशील लेखक संघ और इप्टा से जुड़े रहे। इप्टा से जुड़कर, उन्होंने कई नुक्कड़ नाटक लिखे और निर्देशित किए। 'शांतिदूत कामगार' उनका लिखा और निर्देशित पहला नाटक था। बीसवीं सदी के पांचवें दशक में हबीब तनवीर मुंबई से दिल्ली आ गए।

यहां आकर उन्होंने अपना नाटक 'शतरंज के मोहरे' दोबारा लिखा और इसमें खालिस लखनवी उर्दू जबान का इस्तेमाल किया। नाटक इस बार ज्यादा कामयाब साबित हुआ। साल 1954 में लिखा 'आगरा बाजार' वह नाटक था, जिसने हबीब तनवीर को शोहरत की बुलंदियों पर पहुंचा दिया। अठारहवीं सदी के मशहूर अवामी शायर नजीर अकबरावादी की जिंदगी और रचनाओं पर आधारित नाटक 'आगरा बाजार' में उन्होंने न सिर्फ आम आदमी की जिंदगी और उसके रोजमर्रा के सरोकारों को अपना विषय बनाया, बल्कि लेखन में भी वह मुहावरा और तरीका बरता, जो पारंपरिक अभिजन कविता के आदाब और मौजूअ के बिल्कुल खिलाफ था। हबीब तनवीर ने थिएटर की आला तालीम लंदन के प्रसिद्ध थिएटर स्कूल 'रॉयल अकादमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट्स' यानी 'राडा' से हासिल की। इस दरमियान उन्होंने यूरोप में तीन साल बिताए। इन तीन सालों में उन्होंने यूरोपीय रंगमंच को करीब से देखा। खासकर बर्लिन में तो तनवीर ने आठ महीने गुजारे, जहां जर्मन नाटककार बर्तोल्त ब्रेख्त की नाट्य प्रस्तुतियां देखीं। बर्तोल्त ब्रेख्त के नाटकों से हबीब तनवीर ने काफी कुछ सीखा। उनके नाटकों में हमें जो जनपक्षधरता दिखाई देती है, उसमें ब्रेख्त के नाटकों का बड़ा योगदान है। हिंदुस्तान वापसी पर तनवीर की पहली प्रस्तुति हिंदुस्तानी थिएटर के बैनर पर हुई। शूद्रक के संस्कृत नाटक 'मृच्छकटिकम्' के हिंदी अनुवाद 'मिट्टी की गाड़ी' को उन्होंने छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के साथ रंगमंच पर उतारा। इस नाटक में उन्होंने पूरी तरह से लोक रंगमंच की पारंपरिक शैली और तकनीक का प्रयोग किया। नाटक को एक खास हिंदोस्तानियत में ढाला। जाहिर है, नाटक बेहद मकबूल हुआ।

# मुम्बई बैठक से बढ़ी इंडिया की ताकत

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी को पहले से अड़चन में लाने वाले विवादास्पद कारोबारी गौतम अदानी को लेकर हुए नये खुलासों, चीन द्वारा जारी नये नक्शे से पीएम द्वारा झूठ बोला जाना साबित हो जाने, संसद के 18 से 22 सितम्बर तक अचानक बुलाए गये विशेष सत्र, नजदीक आती जी-20 की बैठक जैसे मुद्दों के बीच 2024 में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार को चुनौती देने के लिये बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंन्क्लूजिव एलाएंस) की दो दिवसीय बैठक गुरुवार को जिस सकारात्मक नोट के साथ प्रारम्भ हुई है, वह आशा बंधाती है कि भारत को जिस आर्थिक बदहाली, सामाजिक विखंडन और कुप्रबन्धन के गर्त में इस सरकार ने डाल रखा है, उससे उबारने के लिये देशवासियों के सामने एक मजबूत विकल्प साकार हो सकेगा। इस दो दिवसीय बैठक में इंडिया का शुभंकर यानी लोगो, संयोजकों का मनोनयन, सीटों का बंटवारा, भावी कार्यक्रम जैसे विषयों पर फैसले होने हैं जिसके बाद इंडिया के घटक दल चुनावी तैयारियों में लग जायेंगे। इसी वर्ष जून में बिहार की राजधानी पटना तत्पश्चात जुलाई में कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में हुई बैठकों की कड़ी में यह तीसरा महाजुटान है। पटना बैठक में 16 विपक्षी दल इसमें शामिल हुए थे, जबकि बेंगलुरु में 26 दल आ जुड़े थे। अबकी बार दो नये दल भी इंडिया से आ मिले हैं जो बतलाता है कि सामूहिक प्रतिपक्ष सघन और विस्तृत दोनों ही हो रहा है। जिन दलों को लेकर संशय था, वे भी संयुक्त विपक्ष का हिस्सा बनते गये (जैसे आम आदमी पार्टी) या जिन नेताओं की निष्ठा पर शक जाहिर किया जा रहा था, वे भी साथ हैं। ऐसों में एनसीपी के सुप्रीमो शरद पवार मुख्य हैं जिनके बारे में कहा जा रहा था कि वे कभी भी पाला बदल सकते हैं। उनके बारे में ऐसा सोचने का कारण यह था कि उनके भतीजे और कुछ प्रमुख समर्थक उनसे अलग होकर महाराष्ट्र की उस मिली-जुली सरकार का हिस्सा हैं जिसके अन्य घटक दल भाजपा तथा शिवसेना का एकनाथ शिंदे वाला धड़ा है। वही पवार इस वक्त इंडिया के प्रमुख नेताओं में से एक हैं और शिवसेना प्रमुख बाल ठाकरे के पुत्र व उद्धव धड़े के प्रमुख हैं। वे पवार के ऐसे सहयोगी हैं जिनके बल पर भाजपा-शिंदे-अजित पवार (शरद पवार के भतीजे, जो अलग हुए नेताओं में से एक हैं) की सरकार वाले महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई में इंडिया की बैठक कर रहे हैं। इसके पहले हुई बैठकें उन राज्यों में हुई थीं जिनमें इंडिया में शामिल दलों की सरकारें हैं। बिहार में जनता दल यूनाईटेड (जेडीयू) व राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की, तो कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। यह बैठक ऐसे वक्त में हो रही है जब नये खुलासों के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति की संगठन ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट (ओसीसीआरपी) ने नया धमाका किया है जिसमें बतलाया गया है कि गौतम अदानी एवं उनके भाई विनोद अदानी ने अपनी ही राशि से खुद की कम्पनियों के शेयर खरीदकर उस नियम का उल्लंघन किया है जिसके तहत कोई भी कम्पनी का प्रमोटर इनसाइड ट्रेडिंग नहीं कर सकता।

# भारत उभरती हुई महाशक्ति, हल्के में न आंके चीन

**सुनील कुमार महला**

**हाल ही में** हमारे पड़ौसी देश ड्रैगन यानी कि चीन ने एक नया मानक नक्शा जारी किया है, जिसमें अक्साई चिन, जिस पर चीन ने वर्ष 1962 के युद्ध में कब्जा कर लिया था, और अरुणाचल प्रदेश, जिस पर वह दक्षिण-तिब्बत के रूप में दावा करता है, उसे अपने क्षेत्र के हिस्से के रूप में दिखाया है। मैप में संपूर्ण दक्षिण चीन सागर को भी चीन के हिस्से के रूप में दिखाया गया है, जैसा कि पिछले संस्करणों में दिखाया गया था। यह दशार्ता है कि चीन लगातार अपनी विस्तारवादी नीति को तवज्जो दे रहा है और उसकी नीयत और नजरें ठीक नहीं है। कहने को तो चीन भारत चीनी भाई भाई का राग अलापता आया है लेकिन उसके मन में हमेशा से ही खोट रहा है। सच तो यह है कि चीन द्वारा नक्शे का यह मुद्दा वास्तव में बहुत ही गंभीर मुद्दा है। इस संबंध में विदेश मंत्री ने यह बात कही है कि , चीन ने उन क्षेत्रों के साथ मानचित्र जारी किए हैं जो उनके नहीं हैं। यह एक पुरानी आदत है, केवल भारत के कुछ हिस्सों के साथ मानचित्र जारी करने से, इससे कुछ भी नहीं बदलेगा। चीन हमेशा हमेशा से भारत के क्षेत्रों पर अपने बेतुके दावे करता रहा है लेकिन इससे वास्तव में कुछ भी बदलने वाला नहीं है। हालांकि भारत ने चीन द्वारा मानक मानचित्र (स्टैंडर्ड मैप)जारी करने पर राजनयिक चैनलों के माध्यम से अपना विरोध जताया है, लेकिन के मंसूबे ठीक नहीं हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि चीन की दूसरे देशों के क्षेत्र पर कब्जा जमाने की नीति को ही वास्तव में उसकी विस्तारवादी नीति कहा जाता है। चीन ना केवल जमीनी सीमा पर बल्कि की समुद्री सीमा पर भी घुसपैठ करता रहता है वह सभी देशों की समुद्री सीमा पर अपना अधिकार जमाता है। पाठकों को यह जानकारी अवश्य होगी कि चीन हिंद प्रशांत सागर पर अपना कब्जा जमाना चाहता है क्योंकि विश्व का लगभग 30% व्यापार हिंद प्रशांत सागर मार्ग से होता है और चाइना सबसे बड़ा निर्यातक देश भी है इसलिए ये इन मार्गों पर बिना रोक टोक व्यापार को बढ़ाने के लिए इस मार्ग में आने वाले छोटे देशों के साथ पहले तो संधि और फिर उनपर अपना कब्जा जमाने की कोशिश करता है। हाल फिलहाल पाठकों को जानकारी देता चलूं कि कुछ समय पहले जब भारतीय और चीनी सेना के कोर कमांडरों की 19वीं बैठक लद्दाख में हुई थी तो यह माना जा रहा था कि अब व्यावसायिक दबाव के कारण चीन संभवतः भारत के क्षेत्रों पर अपना दावा करने की नीतियों को छोड़ देगा क्योंकि चीन की विस्तारवाद की भावना ही भारत-चीन के मैत्री संबंधों के रास्ते में कहीं न कहीं पर अड़चनें पैदा करतीं हैं। ब्रिक्स सम्मेलन के दौरान भी यह संभावना जताई गई थी कि चीन और भारत की स्थिति में कुछ सुधार होगा क्यों कि उस दौरान चीन व भारत के प्रधानमंत्री आपस में मिले थे, लेकिन चीन अपनी नापाक इरादों और हरकतों से बाज नहीं आ रहा है, वह सीमा को लेकर लगातार कुछ न कुछ उल्टा सीधा करके भारत की पीठ में छुरी घोंपने का काम करता रहा है। दरअसल चीन भारत को उभरते हुए राष्ट्र के रूप में देखकर बिल्कुल भी खुश नहीं है और वह भारत के साथ लगातार हिंदी चीनी भाई भाई का राग अलापकर अपना उल्लू सीधा करता है। आज भी भारत चीनी सामान का एक बहुत बड़ा आयातक देश है और हमारे देश के निर्यात इस आयात के मुकाबले कहीं बहुत ही कम हैं। वास्तव में इसका सीधा सा मतलब यह निकलता है कि हमारी अर्थव्यवस्था आज कहीं न कहीं आयात आधारित अर्थव्यवस्था बनती जा रही है। हालांकि भारत ने चीन की अर्थव्यवस्था को पटखनी देने के लिए अनेक कदम उठाए हैं। सच तो यह है कि भारत ने आज हर क्षेत्र में अपने निर्यात को बढ़ाने का भरसक प्रयास किया है। हाल फिलहाल चीन ने जो किया है

उसको लेकर पूरा साउथ और साउथ ईस्ट एशिया चीन से नाराज है। चीन द्वारा जारी नक्शे पर नेपाल, मलेशिया, फिलिपींस सहीत कई देशों ने अपनी कड़ी आपत्ति जताई है और भारत का एक प्रकार से साथ दिया है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि वियतनाम, मलेशिया, फिलीपींस समेत वियतनाम ने भारत का साथ देते हुए चीन के नए मैप को खारिज कर दिया है। नए मैप में कई देशों के हिस्सों को चीन ने अपना बताया है जिस पर देश भड़के हुए हैं।

इतना ही नहीं, ताइवान ने तो मैप को यह कहते हुए खारिज कर दिया है कि वो बिल्कुल भी चीन का हिस्सा नहीं है।भारत ने इसे तत्काल खारिज कर दिया और कहा कि ये भारत के अभिन्न अंग हैं। इस संबंध में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी कहा है कि बेतुके दावे करने से किसी दूसरे का क्षेत्र अपना नहीं हो जाता है। भारत के इस विरोध पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने हाल ही में यह कहा था कि, 28 अगस्त को चीन के प्राकृतिक संसाधन मंत्रालय ने 2023 का हमारा स्टैंडर्ड मैप जारी किया है।

चीनी कानून के मुताबिक, संप्रभुता के तहत यह एक नियमित प्रक्रिया है।हमें उम्मीद है कि संबंधित पक्ष इसे तर्कसंगत तरीके से देखेगा और शांति से काम लेगा। संबंधित पक्ष इसे लेकर जरूरत से ज्यादा व्याख्या करने से बचे।

# चित्रकूट में रह रहे पाकिस्तानी परिवार जायेंगे दिल्ली

## 28 दिनों से संग्रामपुर में ठहरे थे, उच्चाधिकारियों की आई रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पाकिस्तान से आए दो हिंदू परिवार तकरीबन 28 दिनों से जिले के संग्रामपुर गांव में डेरा जमाये हैं। पुलिस ने इनकी जांच के बाद उच्च स्तरीय अधिकारियों को सूचना दी थी। लखनऊ व दिल्ली से आये पत्र में बताया गया कि पाकिस्तानी परिवार को फिर दिल्ली भेजा जायेगा।



ज्ञात है कि चार अगस्त को पाकिस्तान के दो परिवारों को जिले के संग्रामपुर गांव के कमलेश पटेल दिल्ली से यहां ले आये थे। वीजा नियमों का उल्लघंन कर जिले में आने वाले इन परिवारों के 15 सदस्यों ने भारत में ही बसने की इच्छा जाहिर की है। पाकिस्तान में मंहगाई, बेरोजगारी व प्रताड़ना से परेशान कराची के रास्ते दिल्ली पहुंचे दो पाकिस्तानी परिवार के 15 सदस्यों को समाजसेवी कमलेश पटेल संग्रामपुर लेकर आये थे। खुफिया विभाग ने लगातार जांच पूरी कर ली है। अभी तक कोई आपराधिक या संदिग्ध मामला सामने नहीं आया। वीजा नियमों की अनदेखी कर ये परिवार दिल्ली से यहां आये थे। अब इनका ठिकाना कहां होगा, ये निर्णय उच्चाधिकारियों ने 28 दिनों में तय किया है। ये परिवार फिर से दिल्ली वापस जायेंगे। लगभग 28 दिनों से इस परिवार को पंचायत भवन में ठहराया गया है।

पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने बताया कि उच्चाधिकारियों की रिपोर्ट आ गई है। पाकिस्तानियों को दिल्ली भेजा जाएगा। भेजते समय पुलिस दिल्ली तक इनके साथ जाएगी। पाकिस्तानियों का कुछ परिवार दिल्ली में रह रहा है। वह भी वहीं जायेंगे।

### मानिकपुर पुलिस ने गांजा समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर वीर प्रताप सिंह की अगुवाई में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय ने गुड्डू उर्फ दिनेश गुप्ता पुत्र लखनलाल गुप्ता निवासी गांधी नगर के कब्जे से एक किलो सौ ग्राम गांजा समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय, सिपाही शुभम कुमार मिश्रा शामिल रहे।

### बाइक सवार बदमाशों ने शिक्षिका की लूटी चैन , पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सहायक अध्यापिका के गले से सोने की चेन लूटकर बाइक सवार बदमाश भाग निकले। घटना दौरान अध्यापिका चिल्लाते हुए जमीन पर गिर गई, फिर मोबाइल से पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल कर कई स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाला है। दो अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

सीतापुर चैकी क्षेत्र के रानीपुर भट्ट परिसर स्थित प्रोफेसर कालोनी में अध्यापिका द्रौपदी अग्रवाल रहती हैं। वह कदरा गूदर सीतापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका हैं। गुरुवार को सवेरे कॉलोनी परिसर में बेलपत्र तोड़ने गई थी। वहां एक बाइक में सवार दो युवक गुजरे, उसके गले से सोने की चेन खींचकर भाग गए।

अध्यापिका जमीन पर गिर गई। उनके गले में चोट भी आई। इस बाबत सीतापुर चैकी प्रभारी जर्नादन सिंह ने बताया कि दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तलाश जारी है।

### बीच सड़क में गड्ढा होने से हादसे की आशंका ,जल जीवन मिशन को लेकर खोदे गये गड्ढे

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन विस्तार के कार्य में भारी लापरवाही बरती जा रही है। लोगों की सुरक्षा का ख्याल नहीं रखा जा रहा।



शुक्रवार को मानिकपुर क्षेत्र के मारकुंडी रेलवे फाटक क्रमांक 402 के पास खदरा सोसायटी संपर्क मार्ग पर पाइपलाइन डालने को गड्ढा खोदा गया है। पाइपलाइन डालने को लेकर सड़क के बीचोबीच गड्ढा खोद दिया गया है। गड्ढे को भरे न जाने से हादसा होने के आसार हैं। गड्ढे के इर्द-गिर्द सुरक्षा को कोई संकेतक भी नहीं लगाया। इससे हादसे के आसार बढ गये हैं।

मारकुंडी रेलवे फाटक क्रमांक 402 के पास गड्ढा खुदा होने ने राहगीरों के लिए हमेशा खतरा बना रहता है। रात के अंधेरे में लोग दुर्घनाग्रस्त हो सकते हैं। कार्य को लेकर जल जीवन मिशन के ठेकेदार भारी लापरवाही बरत रहे हैं। कहीं सड़क किनारे ब्लास्टिंग तो कहीं जानलेवा गड्ढा होने से अधिकांश गांवों में महीनों से खुली पड़ी नालियां भी हादसे को आमंत्रण दे रही हैं। ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बने हैं। ग्रामीणों ने आधे अधूरे कार्य को लेकर नाराजगी जताई है। जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में खामोशी धारण किये हैं।

### सफाई कर्मी आफिस अटैच, गांवों में सफाई बाधित

अखंड भारत संदेश

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक में आधा दर्जन से ज्यादा सफाई कर्मी अधिकारियों के ऑफिस में सम्बद्ध हैं। ऐसे में गांवों की सफाई बाधित है। शुक्रवार को मानिकपुर क्षेत्र के गिदुरहा, चूल्ही, सरहट, बराहमाफी, रानीपुर, रमपुरिया, नागर, कल्याणपुर आदि गांव के सफाई कर्मी अधिकारियों के आफिस में सम्बद्ध हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार के गांवों को स्वच्छ व साफ रखने की बात बेमानी है। गांवों की सफाई को सरकार लाखों रुपए सफाई कर्मियों के वेतन में खर्च करती है। अधिकारी अपने निजी स्वार्थ के लिए स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ा रहे हैं। सफाई कर्मियों को आफिस व घर में सम्बद्ध कर अधिकारी जहां मस्त हैं। वहीं जनता त्रस्त है। गांवों में गंदगी का अंबार लगा है। क्षेत्र के गिदुरहा, चूल्ही, सरहट, बराहमाफी, रानीपुर, रमपुरिया, नागर, कल्याणपुर आदि गांवों के ग्रामीणों ने बताया कि गांवों में गंदगी का अंबार लगा होने से बीमारियां फैल रही हैं। ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि गांवों के सफाई कर्मियों को गांव में ही तैनात किया जाये, ताकि गांवों की सफाई हो सके।

### चंद्रयान-3 मिशन की कामयाबी पर वैज्ञानिकों को सलाम : व्यापारी नेता रोहित गर्ग

**समाचार निर्देश ब्यूरो चीफ उमेश गुप्ता): अग्रवाल वैश्य** समाज की सोहना ईकाई के अध्यक्ष रोहित गर्ग का कहना है कि चंद्रयान-3 मिशन की सफलता में वैश्य समाज के वैज्ञानिकों का अहम योगदान रहा है। उन्होने बताया कि इसरो के 12 वैज्ञानिकों में से 11 वैज्ञानिक अमित गुप्ता झारखंड, जितेन्द्र निरंकारी अलीगढ़, ऋषभ गुप्ता मथुरा, मिथलेश साहू छत्तीसगढ़, हर्पित बर्नवाल अमेठी, अंकुर गुप्ता इटावा, हरिशंकर गुप्त प्रयागराज, रविकेसरवानी प्रतापगढ़, नेहा अग्रवाल दिल्ली, दीपांशु गर्ग और ऐश्वर्या गर्ग दोनों निवासियान करनाल तथा संजीव गुप्ता गंगापुरसिटी, राजस्थान के रहने वाले है। अग्रवालसभा के प्रधान रहे सेठ विजय अग्रवाल, लाला सुभाष बंसल रेवासनिया, जेवरात सरार्फा कारोबारी एसोसिएशन के प्रधान जयप्रकाश गुप्ता सर्राफ, लाला यादराम अटारिया, सेवानिवृत अधिकारी प्रहलाद गुप्ता, व्यापारमंडल संघ के चीफएडवाईजर उमेश अग्रवाल, युवा उद्योगपति दीपक बंसल रेवासनिया, नगरपार्षद नीरज सिंगला, किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान प्रदीप गर्ग आदि प्रमुखजनों समेत अग्रवाल समाज के लोगों ने चंद्रयान-3 की कामयाबी पर अपने समाज के 11 वैज्ञानिक समेत सभी 12 वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि इस टीम में 12 में से 11 वैज्ञानिक अग्रवाल वैश्य समाज के होने से विश्व के मानचित्र पर अग्रवाल वैश्य समाज का नाम गौरान्वित हुआ है।

## विभिन्न विभागों में कार्य कर रहे प्राइवेट कर्मियों में खलबली

## सूबे के राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव के आदेश ने मचाई खलबली

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उप्र सरकार के राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव अनिल कुमार यादव के 29 अगस्त 2023 के मंडल-कलेक्टेज्ट-तहसील कार्यालय में बाहरी एवं प्राइवेट लोगों से कार्य न कराने बाबत जारी पत्र से जिले में खलबली मची है। जिले में विभिन्न विभागों में सरकारी अधिकारी प्राइवेट कर्मचारियों से बडे पैमाने पर कार्य करा रहे हैं। इसकी विस्तार से जांच हो तो बडे पैमाने पर विभागों से लोग निकाले जायेंगे।

सूबे के राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव अनिल कुमार यादव के आदेश के बाद प्राइवेट कर्मचारियों में खलबली मची है, वहीं उनसे काम लेने वाले अधिकारी व कर्मचारियों में भी भय बना है। प्राइवेट लोगों को कार्य से न हटाने पर सीधी जिम्मेदारी उन्हें रखने वालों की आयुक्त एवं सचिव ने निर्धारित की है। इसी क्रम में तहसील कर्वी के कांडीखेरा गांव के शिव प्रसाद विश्वकर्मा पुत्र स्व रामसजीवन ने जिलाधिकारी को तीस जून 2023 को लिखे पत्र में बताया कि तहसीलदार न्यायालय में शारदा नाम का प्राइवेट कर्मी पत्रावलियों में आर्डरशीट लिखने में दलाली करता है।

कांडीखेरा के शिवप्रसाद विश्वकर्मा ने पंजीकृत डाक से जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा कि प्राइवेट कर्मी शारदा पत्रावलियों में आर्डरशीट लिखने के साथ दलाली करके फैसले कराता है। उसकी पत्रावली मीना देवी बनाम संखिया चल रही है। जिसमें वह आपत्तिकर्ता है, इस पत्रावली में शारदा प्रसाद आर्डरशीट में उसे कभी गैरहाजिर दिखाता है तो कभी तारीख नहीं बताता। सवाल है कि प्राइवेट लोग न्यायालय में पत्रावलियों में आर्डरशीट लिखेंगे और वादकारियों को परेशान करेंगे। उन्होंने पत्र की जांच कराकर शारदा प्रसाद को बाहर का रास्ता दिखाने की मांग की है।

इसी क्रम में तहसीलों में हर लेखपाल प्राइवेट कर्मी रखे है। कलेक्टेज्ट में भी प्राइवेट कर्मियों की भरमार है। राजस्व परिषद के आयुक्त एवं सचिव के आदेश के बाद ऐसे प्राइवेट कर्मियों को बाहर निकाले जाने का भय सताने लगा है। अधिकारी भी जिम्मेदारी के भय से खुद किनारा करने में जुटे हैं।

## नहर में पानी न छोडने पर होगा जन आन्दोलन : विधायक

### किसानों की सूख रही धान फसल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी विधानसभा क्षेत्र से सपा के विधायक अनिल प्रधान ने चिल्लीमल पम्प कैनाल से तिरहार क्षेत्र में सभी गांवों में पानी न पहुंचने की शिकायत को लेकर ग्रामीणों से भेंट की।



शुक्रवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि चिल्लीमल पम्प कैनाल से तिरहार क्षेत्र में सभी गांवों में पानी न पहुंचने की शिकायत जिलाधिकारी व अधिशाषी अभियंता लघु डाल सिंचाई प्रखंड प्रथम को पत्र लिखकर व मौखिक कह चुके हैं। सदर विधायक ने कहा कि इसके बाद भी प्रभावी कार्यवाही नहीं हो रही। चिल्लीमल पम्प कैनाल एवं नहर का विधायक ने निरीक्षक भी किया। निरीक्षण में देखा कि आधे से ज्यादा गांवों में पानी नहीं पहुंच रहा। किसान परेशान एवं हताश हैं। किसानों की धान की फसल सूखती जा रही है। इससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खडा होने का अंदेशा है। उन्होंने उच्चाधिकारियों से मांग किया कि किसानों की चिल्लीमल पम्प नहर से पानी देने की मांग जल्द पूरी की जाये। ऐसा न होने पर वे जनआन्दोलन करने को बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि नहरों की सफाई कार्य में खानापूरी की गई है। नहरों की सफाई की बाबत जांच को पत्र लिखकर विधानसभा में मुद्दा उठायेंगे।

### महिला थाना ने दम्पति में कराई सुलह , मतभेद भूल खुशी-खुशी रहने को हुए तैयार



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में महिला थाना की पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया।शुक्रवार को कोतवाली कर्वी के कसहाई गांव की श्रीमती नीतू पत्नी धीरेन्द्र ने महिला थाना में सौंपे पत्र में कहा कि पति धीरेन्द्र शराब पीकर मारपीट एवं गाली-गलौज करते हैं। महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया की टीम ने शिकायतकर्ता की शिकायत को सुनकर दूसरे पक्ष को महिला थाने बुलाया। दोनो पक्षों को भविष्य में आपस में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही। आपसी सुलह होने पर महिला थानाध्यक्ष ने दोनो पक्षों को तालमेल से पारिवारिक दायित्यों का पालन करने की सलाह दी। टीम में महिला थानाध्यक्ष श्रीमती शालिनी सिंह भदौरिया, सिपाही नीतू द्विवेदी, सिपाही रीता यादव शामिल रही।

### आईएसआई समर्थित आतंकवादी रिंदा के छह सहयोगी पंजाब में गिरफ्तार

**चंडीगढ़। पंजाब पु**लिस की एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने मोहाली पुलिस के साथ अभियान चलाकर पाकिस्तान स्थित आतंकवादी हरविंदर सिंह उर्फ रिंदा के छह सहयोगियों को गिरफ्तार किया। उनसे पांच पिस्तौल भी बरामद की गई है। हरिवंदर सिंह उर्फ रिंदा आईएसआई समर्थित आतंकवादी है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने गुरुवार को बताया कि गिरफ्तार लोगों के पास से गोला-बारूद बरामद हुआ है। गिरफ्तार लोगों की पहचान रोशन कुमार, सौरव कुमार, विक्रम कुमार, अमरिंदर सिंह उर्फ बिल्ली, अर्शवीर सिंह और सनी के रूप में हुई है। सभी पटियाला के निवासी हैं।

आरोपी हत्या, हत्या का प्रयास, जबरन वसूली, डकैती और अंतरराज्यीय हथियारों की तस्करी सहित आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे।

डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि इनपुट के बाद एडीजीपी प्रोमोद बान की देखरेख में एजीटीएफ की पुलिस टीमों ने आरोपियों को चंडीगढ़ के बाहरी इलाके जीरकपुर से गिरफ्तार किया। सभी आरोपी एक कार में यात्रा कर रहे थे। उनके कब्जे से 20 कारतूस और पांच पिस्तौल बरामद किए गए।

उन्होंने कहा कि आरोपी अर्शवीर सिंह की पंजाब पुलिस को पटियाला में दोहरे हत्याकांड में तलाश थी। इस घटना में अप्रैल में दो युवकों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी।

एआईजी, एजीटीएफ संदीप गोयल ने बताया कि प्रारंभिक जांच के दौरान पता चला कि आरोपी राज्य में अपराध करने की योजना बना रहे थे।

इससे पहले सनी और अर्शवीर को दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने जनवरी में गिरफ्तार किया था और उनके पास से 18 पिस्तौल बरामद की थी।

### शूटिंग प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन की टीमों ने लिया हिस्सा



अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला ने पुलिस लाइन में 26वीं अन्तर जनपदीय पुलिस एलार्म इफीसिऐंसी रेस एवं रायफल/रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

शुक्रवार को पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला ने अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में 26वीं अन्तर जनपदीय प्रयागराज जोन, प्रयागराज पुलिस एलार्म इफीशियन्सी रेस एवं रायफल/रिवाल्वर शूटिंग प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारम्भ किया। सभी टीमों के खिलाडियों ने बेहतरीन मार्च पास्ट करते हुये पुलिस अधीक्षक को सलामी दी। प्रतियोगिता में प्रयागराज जोन के सभी जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। उन्होंने विभिन्न जिलों से आई टीमों के कैप्टन से परिचय लिया।

ये प्रतियोगिता तीन सितम्बर तक चलेगी। इस मौके पर सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय, सीओ प्रज्ञान अनुज कुमार मिश्रा, सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने दबोचे दो वारंटी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने दो वारंटी दबोचे हैं।



शुक्रवार को चैकी प्रभारी जिला कारागार चन्द्रमणि पाण्डेय ने हमराही सिपाही संजय कुमार पाल के साथ विद्युत अधिनियम के वारंटी रामपाल पुत्र स्व शिवलाल पाल निवासी गोल तालाब कोतवाली कर्वी को गिरफ्तार किया है। मानिकपुर थाने के दरोगा अरविन्द कुमार पाण्डेय ने सिपाही शुभम मिश्रा के साथ छेडछाड एवं एससी/एसटी एक्ट के वारंटी किशोरी लाल साहू पुत्र रामचंद्र साहू निवासी आर्य नगर को गिरफ्तार किया।

### नाबार्ड योजना से जल संरक्षण के कार्यों में धांधली

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मानिकपुर क्षेत्र में नाबार्ड योजना के तहत स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यों में भारी लूट मची है। पाठा क्षेत्र में नाबार्ड योजना से हुए कार्यों में भ्रष्टाचार की गंध आ रही है।

शुक्रवार को मानिकपुर क्षेत्र में नाबार्ड योजना से जल संरक्षण के कार्य समाजसेवी संस्थाओं ने कराया है। ऐसे कार्यों में भारी धांधली की गई है। पिछले दिनों नाबार्ड योजना के अधिकारी ने कार्यों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण में अधिकारी को भारी खामियां मिली हैं। खामियों में लीपापोती की जा रही है।

ज्ञात है कि नाबार्ड योजना से जल संरक्षण के कार्य स्वयंसेवी संस्थाओं ने कराये हैं। ये कार्य पाठा क्षेत्र के अमचुर नेरूआ, टिकरिया, जमुनिहाई, इंटवा डुड़ैला समेत दर्जनों गांवों में हुए हैं। ग्रामीणों ने कार्यों की जांच की मांग उठाई है।

### 1 सितंबर को भाजपा महिला मोर्चा करेगी मुख्यमंत्री निवास का घेराव

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा , प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडेय के बारे में दिए गए बयान के विरोध में कल 01 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास का घेराव कर विरोध करेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा जिस प्रकार से एक नारी के बारे में इस प्रकार का बयान दिया गया वह पूर्णतः अशोभनीय है। जिसके विरोध में भाजपा महिला मोर्चा की बहनों द्वारा मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।।

इसकी तैयारी के मद्देनजर एकात्म परिसर में महिला मोर्चा की बैठक आहूत की गई जिसमें विशेष रूप से महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे जी, महामंत्री विभा अवस्थी जी, संध्या तिवारी ,सोशल मीडिया प्रभारी कृतिका जैन, मिनी पांडे, रायपुर शहर एवं ग्रामीण की महिला मोर्चा की पदाधिकारी बहने एवं कार्यकर्ता उपस्थित थी।

### बीकानेर स्टेशन पहुंची पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन

**बीकानेर ।** उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर मंडल के बीकानेर स्टेशन पर पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन संख्या 12457 दिल्ली सराय रोहिल्ला- बीकानेर सुपरफास्ट एक्सप्रेस गुरुवार दिनांक 31.08.2023 को सुबह 7.25 बजे पहुंची। इस ट्रेन का स्वागत अर्जुनराम मेघवाल माननीय कानून, संस्कृति एवम संसदीय मामलात मंत्री, भारत सरकार ने किया।

उन्होंने ट्रेन के दोनो लोको पायलटों का माला पहनाकर स्वागत किया। माननीय मंत्री जी ने मंडल रेल प्रबंधक एवं उनकी टीम को बीकानेर स्टेशन तक विद्युतीकरण कार्य पूर्ण करने पर बधाई दी तथा उन्होंने रेलवे अधिकारियों से मंडल पर चल रहे रेल परियोजनाओं पर चर्चा भी की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक डॉ. आशीष कुमार, वरिष्ठ मंडल बिजली इंजीनियर (टीआरडी) आदित्य लेघा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक महेश चंद जेवलिया तथा मंडल के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### राजस्थान मिशन 2030 : आपदा प्रबंधन को और बेहतर करने के दिए सुझाव

**बीकानेर ।** राजस्थान मिशन 2030 के तहत आपदा प्रबंधन को और अधिक बेहतर बनाने के लिए आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा से जुड़ी संभाग स्तरीय बैठक गुरुवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई।

अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) जगदीश प्रसाद गौड़ ने बताया कि बैठक में नागरिक सुरक्षा विभाग, एसडीआरएफ, पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, उरमूल डेयरी, राजकीय डूंगर महाविद्यालय के प्रतिनिधियों के आंवला आपदा मित्र योजना के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। अतिरिक्त कलक्टर (शहर) ने आपदा प्रबंधन विभाग की आवश्यकता, उपलब्धियों एवं योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस दौरान विभिन्न विभागों के हितधारकों द्वारा विजन दस्तावेज-2030 तैयार करने के लिए आपदा प्रबंधन को और बेहतर करने के सुझाव लिए गए। उन्होंने बताया कि सभी सुझावों और प्रस्तावों का संकलन करते हुए विभाग को

## न्यूजर्सी में 1.3 अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी में भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति गिरफ्तार

**वाशिंगटन।** न्यूजर्सी में एक भारतीय-अमेरिकी को तकनीकी सहायता कंपनी के घोटाले में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोप है उसने सात हजार से अधिक लोगों को झांसा



देकर उनसे लगभग 1.3 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी की। मीडिया रिपोर्ट्स में अमेरिका के वकील वकील फिलिप आर सेलिंगर के हवाले से कहा गया है कि सूचना प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर वित्तीय धोखाधड़ी की साजिश के मामले में आरोपित मनोज यादव नेवार्क संघीय अदालत में अमेरिकी मजिस्ट्रेट जज जोस आर. अलमोंटे के समक्ष पेश हुआ। उसे गिरफ्तार कर लिया गया। आरोप है कि यादव इस धोखाधड़ी में व्यक्तिगत रूप से शामिल रहा।

## यूक्रेन में दो सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, छह सैनिकों की मौत

**कीव।** पूर्वी यूक्रेन में दो सैन्य हेलीकॉप्टरों के दुर्घटनाग्रस्त होने से छह यूक्रेनी सैनिकों की मौत हो गई। राज्य जांच ब्यूरो (एसबीआई) ने इसकी पुष्टि की है। यह जानकारी विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लड़ाकू मिशन पर निकले एमआई-8 हेलीकॉप्टर 29 अगस्त को डोनेट्स्क क्षेत्र के क्रामाटोरस्क जिले में दुर्घटनाग्रस्त हो गए। यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। इसके पहले 25 अगस्त को यूक्रेन के उत्तरी क्षेत्र जाइटॉमिर के आसमान में दो एल-39 सैन्य प्रशिक्षक जेट विमानों की टक्कर के बाद तीन पायलटों की मौत हो गई थी।



## पाकिस्तान में पेट्रोल हुआ 305.36 और डीजल 311.84 रुपये प्रति लीटर

**इस्लामबाद।** पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने पेट्रोल और डीजल की कीमत में 14 रुपये से अधिक की बढ़ोतरी कर दी। वित्त विभाग ने इसकी पुष्टि की है। यह जानकारी स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स में वित्त विभाग के हवाले से कहा गया है अब पेट्रोल की कीमत 14.91 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमत 18.44 रुपये प्रति लीटर बढ़ जाएगी।



एक लीटर पेट्रोल की कीमत 305.36 रुपये और एचएसडी की कीमत 311.84 रुपये होगी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इससे पहल एक अगस्त को पेट्रोल की कीमत 19.95 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल की कीमत 19.90 रुपये प्रति लीटर बढ़ाई गई थी। इसके बाद 16 अगस्त को पेट्रोल की कीमत में 17.50 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल की कीमत में 20 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया था।

## सिंगापुर में मतदान : भारतीय मूल के तीसरे राष्ट्रपति बनने की लड़ाई में थर्मन शनमुगरत्नम, त्रिकोणीय संघर्ष

**सिंगापुर।** सिंगापुर में राष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान प्रक्रिया शुरू हो गयी है। भारतीय मूल के तीसरे राष्ट्रपति बनने की लड़ाई में थर्मन शनमुगरत्नम को त्रिकोणीय संघर्ष का सामना करना पड़ रहा है।

सिंगापुर में राष्ट्रपति चुनाव के लिए सुबह आठ बजे से मतदान शुरू हो गया है। 27 लाख से अधिक सिंगापुरवासियों के मतदान करने की उम्मीद है। मतदान केंद्र रात आठ बजे तक खुले रहेंगे। इसके बाद वोटों की गिनती शुरू होगी। मतदान के नतीजे आधी रात तक सामने आ जाएंगे। इस चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला है। सिंगापुर में जन्मे भारतीय मूल के पूर्व मंत्री थर्मन शनमुगरत्नम का मुकाबला सिंगापुर सरकार इन्वेस्टमेंट कॉर्प (जीआईसी) के पूर्व मुख्य निवेश अधिकारी एनजी कोक सोंग और देश के




स्वामित्व वाली संघ-आधारित बीमा समूह एनटीयूसी इनकम के पूर्व प्रमुख टैन किन लियान से है।

सिंगापुर के अतीत में दो भारतीय मूल के राष्ट्रपति रह चुके हैं। एसआर नाथन के नाम से चर्चित सेलप्पन रामनाथन सिंगापुर के राजनेता और तमिल मूल के सिविल सेवक थे, जिन्होंने सिंगापुर में राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था। नाथन ने 2009 में बेंजामिन शियर्स को हराया था। उनके अलावा देवन नायर के नाम से प्रसिद्ध चेंगारा वीटिल देवन नायर ने 1981 से 1985 तक सिंगापुर के तीसरे राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया था। 1923 में मलयेशिया के मलक्का में जन्मे नायर एक रबर बागान क्लर्क के बेटे थे, जो मूल रूप से केरल के थालास्सेरी के रहने वाले थे।

## नेपाल में चीन के नए मानचित्र के खिलाफ प्रदर्शन, वामपंथियों ने ड्रैगन की आलोचना की

**काठमांडू।** नेपाल में चीन के नए मानचित्र के विरोध में शुरू प्रदर्शन में वामपंथी भी सड़क पर आ गए हैं।सत्तारूढ़ नेपाली कांग्रेस की छात्र शाखा ने काठमांडू स्थित चीनी दूतावास के समक्ष प्रदर्शन किया है। आरोप है चीन ने अपने मानचित्र में नेपाल के कुछ भू-भाग को नहीं दिखाया है।

नेपाल विद्यार्थी संघ के सैकड़ों सदस्यों ने चीनी दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन कर चीन विरोधी नारा लगाए। साथ ही चीन से माफी मांगने की मांग की। इस मुद्दे पर माओवादी पार्टी के विदेश विभाग प्रमुख राम कार्की ने कहा है कि चीन का यह व्यवहार ठीक नहीं है। ऐसा मानचित्र जारी कर चीन ने असंवेदनशीलता का परिचय दिया है। प्रमुख विपक्षी पार्टी एमाले के नेता तथा ओली



सरकार में विदेश मंत्री रहे प्रदीप ज्ञवाली ने कहा कि नेपाल के नए नक्शे और उस भू-भाग के बारे में नेपाल की संसद से पारित प्रस्ताव को लेकर चीन को आधिकारिक जानकारी दी गई थी। बावजूद इसके चीन ने इस पर ध्यान नहीं दिया। नेपाल सरकार दखल दे। वह कूटनीतिक स्तर पर प्रयास करे।

## सोने की तस्करी की जांच तेज, सीआईबी की टीम हांगकांग और दिल्ली पहुंची

**काठमांडू।** नेपाल को ट्रांजिट प्वाइंट बनाकर हांगकांग से काठमांडू के रास्ते भारत में सोने की तस्करी किए जाने के मामले की जांच कर रही केन्द्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने अपनी एक टीम को हांगकांग और एक टीम को नई दिल्ली भेजा है। हांगकांग से सोना भेजने वालों से लेकर दिल्ली में तस्करी का सोना खरीदने तक का कनेक्शन पता लगाने के लिए दो टीमें भेजी गई है। सीआईबी के अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (एआईजी) किरण बज्राचार्य ने बताया कि इंटरपोल के जरिए पहले ही हांगकांग और नई दिल्ली में पत्र भेजा जा चुका था। अब वहां की जांच एजेंसियों की मदद से जांच के लिए टीमें भेजी गई हैं। नेपाल पुलिस के प्रवक्ता डीआईजी कुबेर कडायत




ने बताया कि सीआईबी के एसएसपी दिनेश राज आचार्य के नेतृत्व में एक टीम को हांगकांग भेजा गया। डीएसपी धर्म भण्डारी को दिल्ली भेजा गया है। हांगकांग में जांच के लिए इंटरपोल की बीजिंग शाखा से मदद ली जा रही है। इस बीच इस मामले में काठमांडू में गिरफ्तार किए गए चीन मूल के नागरिक दावा छिरिंग के एक सहयोगी को भारत से गिरफ्तार कर नेपाल लाया गया है। सीआईबी के हवाले से यह जानकारी मिली है कि किशोर बस्नेत नाम के इस शख्स को दिल्ली से गिरफ्तार कर काठमांडू लाया गया है।

## कांगो में प्रदर्शनकारियों पर सुरक्षाबलों की कार्रवाई, 40 की मौत

**किंशासा (कांगो)।** अफ्रीकी देश कांगो में संयुक्त राष्ट्र के विरोध में प्रदर्शन कर रहे लोगों पर सुरक्षाबलों ने बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में 40 से ज्यादा व्यक्ति मारे गए। कांगो की सेना ने इसकी पुष्टि की है। अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सेना ने शुरू में सात मौतों की जानकारी दी थी। कांगो सरकार ने बुधवार को पूर्वी कांगो के शहर गोमा में संयुक्त राष्ट्र विरोधी हिंसक प्रदर्शनों पर कार्रवाई की थी। इसमें 56 अन्य लोग घायल हो गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि एक पुलिसकर्मी पर हमले का कथित वीडियो



सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कांगो की सेना ने गोमा शहर में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और अन्य विदेशी संगठनों के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन को सख्ती के साथ कुचल दिया।

मीडिया रिपोर्ट्स में कांगो के अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि पुलिसकर्मी की पत्थर मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद सेना ने यह कार्रवाई की। संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि के वह प्रदर्शनकारियों की मौतों की जांच कर रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि प्रांतीय सेना के प्रवक्ता गुइलाउम एनडजिक ने कहा कि मरने वालों की संख्या सात है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कांगों सेना के अधिकारियों का एक वीडियो वायरल हुआ है। इसमें दिखाई दे रहा है कि सेना दर्जनों शवों को एक ट्रॉली में घसीटते हुए भर रही है।

## जोहान्सबर्ग में बिल्डिंग में लगी आग में अब तक 74 की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग शहर की एक बहुमंजिला इमारत में सुबह लगी आग में अब तक एक दर्जन बच्चों सहित कम से कम 74 लोगों की मौत हो चुकी है। 40 से अधिक झुलसे लोगों का अस्पताल उपचार चल रहा है। इनमें से अनेक लोगों की हालत गंभीर है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह आग जोहान्सबर्ग शहर के मध्य में स्थित में लगी। इसकी लपटें कई किलोमीटर दूर तक देखी गईं। जोहान्सबर्ग इमरजेंसी मैनेजमेंट सर्विसेज के प्रवक्ता रॉबर्ट मुलाउद्जी ने कहा कि जिस इमारत में आग लगी उसे बेघरों के लिए अनाधिकारिक आवास के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था। यह इमारत कभी रंगभेद के दौरान काले श्रमिकों के लिए एक सरकारी चौकी थी। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा है कि यह घटना सबक है। अब आंतरिक शहर में आवास की स्थिति पर ध्यान दिया जाएगा।



## चीन के नए नक्शे पर नेपाल में भी बवाल, डिप्लोमैटिक प्रोटेस्ट नोट भेजने की तैयारी

**काठमांडू।** चीन के नए नक्शे का नेपाल में भी व्यापक विरोध हो रहा है। जारी नक़्शे में नेपाल के कुछ भूभाग को काट कर दिखाया गया है।

चीन की इस हरकत पर नेपाल के राजनीतिक दलों और सामाजिक संस्थाओं ने विरोध किया है। नेपाल सरकार भी चीन के नक्शा को लेकर अपना विरोध दर्ज कराने जा रही है। नेपाल की तरफ से चीन को प्रोटेस्ट नोट भेजा जाएगा। चीन के नए नक्शे का विरोध करते हुए उपप्रधानमंत्री तथा रक्षा मंत्री पूर्ण बहादुर खड्का ने कहा कि नेपाल की संसद में जिस नक्शे को पारित कर उसे संविधान का अंग बनाया गया था, उसे चीन की तरफ से मान्यता नहीं देना गलत है। उनका कहना है कि इस विषय पर सरकार अपना पक्ष रखने पर विचार कर रही है।

नेपाल के विदेश मंत्री ने चीन के नए नक्शे में नेपाली सीमा क्षेत्र के साथ छेडखानी किए जाने के बाद काठमांडू स्थित चीनी राजदूत को तलब कर उनसे इस पर सवाल जवाब किया है। नक्शा जारी करने के अगले दिन ही विदेश मंत्री एन पी साउद ने चीनी राजदूत चेन सॉग को मंत्रालय में बुलाकर स्पष्टीकरण मांगा है। सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने कहा कि सरकार कूटनीतिक चैनल के माध्यम से अपना विरोध दर्ज करेगी। उन्होंने बताया कि नेपाल की तरफ से चीन को प्रोटेस्ट नोट भेजा जाएगा। इसी महीने प्रधानमंत्री प्रचण्ड के चीन भ्रमण के दौरान इस मुद्दे को उठाने पर भी विचार किया जा रहा है।

काठमांडू के मेयर बालेन शाह ने अपना चीन दौरा रद्द कर दिया है। आज फेसबुक पर एक संदेश लिखते हुए मेयर शाह ने कहा कि चीन ने नेपाल के नए नक्शे को मान्यता नहीं दी, इसलिए मैंने पांच दिवसीय चीन दौरे पर नहीं जाने का फैसला किया है।

इसके अलावा कई सामाजिक संस्थाओं ने भी चीन के विरोध में प्रदर्शन किया है। राष्ट्रीय एकता अभियान की तरफ से देश के कई स्थानों पर चीन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया है। कुछ संस्थाओं ने देश के जिलाधिकारियों के माध्यम से चीन के विरोध में ज्ञापन पत्र सौंपे है।

## वालेस ने दिया इस्तीफा, ग्रांट शाप्स होंगे ब्रिटेन के नए रक्षा मंत्री

**लंदन।** ब्रिटेन के रक्षा मंत्री बेन वालेस ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उनके स्थान पर प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने ग्रांट शाप्स को ब्रिटेन के रक्षा मंत्री के रूप में नामित किया।

बेन वालेस ने पहले ही इस बात का ऐलान कर दिया था कि वह चार साल के बाद अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। चार साल तक ब्रिटेन के रक्षा मंत्री रहे वालेस ने यूक्रेन में रूस के हमले के बाद ब्रिटेन की सैन्य प्रतिक्रिया की

हो जाएगी। अब निवेश करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि



जबसे वे सेना में शामिल हुए थे, उन्होंने खुद को अपने देश की सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

ब्रिटेन के नए रक्षा मंत्री बनाए गए ग्रांट शाप्स कंजर्वेटिव पार्टी के नेता के रूप में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रबल समर्थक रहे हैं। ग्रांट शाप्स ने अपने राजनीतिक करियर के दौरान कई कैबिनेट पदों पर काम किया है। वह परिवहन, गृह विभाग, व्यवसाय और ऊर्जा विभागों के मंत्री रह चुके हैं।

रक्षा मंत्री के तौर पर यह शाप्स का पांचवां सरकारी पद होगा। ग्रांट शाप्स ने प्रधानमंत्री के साथ बैठक के बाद ट्वीट कर अपनी नियुक्ति पर खुशी जताई और कहा कि ऋषि सुनक द्वारा रक्षामंत्री के रूप में नियुक्त किए जाने पर वे सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने पिछले चार वर्षों में ब्रिटेन की रक्षा और वैश्विक सुरक्षा में बेन वालेस द्वारा दिए गए जबरदस्त योगदान के लिए उन्हें भी धन्यवाद दिया।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।

## सितंबर में निपटा लें ये जरूरी काम: पैन-आधार लिंक करने का आखिरी मौका

**नई दिल्ली।** सितंबर का महीना आज से शुरू हो गया है। इस महीने डी-मैट अकाउंट का नॉमिनेशन भरने और 2000 हजार रुपए के नोट बदलने जैसे जरूरी कामों की डेडलाइन खत्म हो जाएगी। आधार कार्ड फ्री में अपडेट करने के लिए अब सिर्फ 14 दिन का टाइम बचा है। वहीं, इस महीने कृष्ण जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, ईद ए मिलाद जैसे कई पर्व-त्योहार पड़ रहे हैं, जिससे महीने में छुट्टियों की भरमार है। सितंबर के महीने में सिर्फ 16 दिन ही बैंक खुलेंगे।

**फ्री में आधार अपडेट करने का आखिरी मौका**

अगर आप फ्री में आधार अपडेट कराना चाहते हैं तो आपके पास इसका आखिरी मौका है। वक्ळअकने फ्री में आधार अपडेट करने की सुविधा दी हुई है। इसकी डेडलाइन 14 सितंबर को खत्म हो रही है। इसके बाद आधार अपडेट करने के लिए चार्ज देना होगा। पहले यह सुविधा 14 जून तक थी। इसके बाद इसे तीन महीने के लिए बढ़ा दिया गया था।

## राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार भारतवंशी विवेक रामास्वामी ने की पीएम मोदी की तारीफ, कहा- मैं उनसे प्रभावित हूं

**लंदन।** पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला हुआ है। दरअसल टीटीपी के आत्मघाती हमले में पाकिस्तानी सेना के नौ जवानों की मौत की खबर है। घटना पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की है, जब एक बाइक सवार आत्मघाती आतंकी ने सेना के काफिले को धमाके से उड़ा दिया। इस धमाके में पाकिस्तानी सेना के नौ जवानों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना ने यह जानकारी दी है। बता दें कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा में एक आतंकी ने विस्फोटक लदी कार से सीआरपीएफ के काफिले के वाहन में टक्कर मार दी थी। इस हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। पाकिस्तानी सेना के इंटर सर्विस पब्लिक रिलेशन (आईएसपीआर) शाखा ने बताया कि पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू जिले में



एक बाइक सवार आत्मघाती हमलावर ने सेना सेना के काफिले को निशाना बनाया। हमलावर ने अपनी बाइक काफिले के एक वाहन से टकरा दी। इससे जबरदस्त विस्फोट हुआ और वाहन में सवार नौ जवानों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

**प्रधानमंत्री ने घटना पर जताया दुख**

घटना के बाद सुरक्षाबलों और जांच एजेंसियों ने मौके पर पहुंचकर इलाके की घेराबंदी कर दी है और इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की धरपकड़ के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू कर दी है। वहीं इस आतंकी हमले की घटना पर पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ ने दुख जताया है और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदनाएं जाहिर की हैं। बता दें कि बीते कुछ समय से पाकिस्तान में आतंकी घटनाएं काफी बढ़ गई हैं। खासकर टीटीपी द्वारा पाकिस्तान में कई बड़े आतंकी हमलों को अंजाम दिया गया है।

**पाकिस्तान में कई बड़े आतंकी हमलों को अंजाम दे चुका है टीटीपी**

टीटीपी कई आतंकी संगठनों का समूह है, जिसकी स्थापना साल 2007 में की गई थी। अफगानिस्तान की सीमा से लगते खैबर पख्तूनख्वा में इस आतंकी संगठन का काफी प्रभाव है और यहां कई आतंकी हमलों के पीछे टीटीपी की भूमिका रही है। बीते महीने ही खैबर पख्तूनख्वा में एक पुलिस चौकी पर टीटीपी के आतंकियों ने हमला किया था, जिसमें दो पुलिसकर्मी मारे गए थे। बीती 30 जनवरी को पेशावर में एक मस्जिद में आत्मघाती आतंकी ने दोपहर की नमाज के दौरान खुद को उड़ा लिया था, जिसमें 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी और 200 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। साल 2014 में पेशावर में आर्मी पब्लिक स्कूल पर हुए टीटीपी के हमले में भी 130 से अधिक छात्र मारे गए थे, जिसकी पूरी दुनिया में आलोचना हुई थी।

## राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार भारतवंशी विवेक रामास्वामी ने की पीएम मोदी की तारीफ, कहा- मैं उनसे प्रभावित हूं

**वाशिंगटन।** अमेरिक में राष्ट्रपति पद के भारतवंशी उम्मीदवार विवेक रामास्वामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा और भारत-प्रशांत क्षेत्र में चीन को रोकने में भारत की भूमिका की सराहना की है। एक पॉडकास्ट में बातचीत के दौरान जब रामास्वामी से पूछा गया कि क्या उनका पीएम मोदी से कोई संबंध है तो उन्होंने कहा, मैं उन्हें (पीएम मोदी को) अभी तक नहीं जानता। वह यूएस कांग्रेस में अपने संयुक्त सत्र के लिए आए थे, तो मैं वहीं रुक गया। मैं वहां अतिथि के तौर पर था और उन्हें सुनने के लिए वहां रुक गया। एक नेता के तौर पर मैं उनसे काफी ज्यादा प्रभावित हुआ। उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि भारत को इसे थोड़ा आगे बढ़ाना होगा। भारत अभी तक सैन्य प्रतिबद्धताओं के स्तर तक नहीं पहुंच पाया है, जिसे मैं व्यापार के संबंध में थोड़ी निराशाजनक मानता हूं।